ओड़िशा संस्करण
27 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
www.epaper.azadsipahi.in
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 277



पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी हम सुरक्षित रहेंगे : हेमंत सोरेन







# अग्निवीर पर विपक्ष झूठ फैला रहा: नरेंद्र मोदी

**प्रधानमंत्री ने द्रास स्थित कारगिल वॉर मेमोरियल पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**कारगिल।** कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने लद्दाख में 1999 की जंग के नायकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने करीब 20 मिनट के संबोधन में पाकिस्तान, आतंकवाद, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, अग्निपथ योजना और विपक्ष पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि डिफेंस सेक्टर में रिफॉर्म्स के लिए भारतीय सेनाओं की सराहना करता हूं। उन्होंने कई साहसी फैसले लिये। इसमें अग्निपथ योजना भी शामिल है। दशकों तक संसद में सेनाओं को युवा बनाने पर चर्चा होती रही है, लेकिन हमने इस पर काम किया। कुछ लोगों ने इसे राजनीति का विषय बना दिया।

**पाक के नापाक मंसूबे कामयाब नहीं होंगे:** प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत कारगिल युद्ध से पहले शांति के प्रयास कर रहा था। बदले में पाकिस्तान ने अपना अविश्वासी चेहरा दिखाया। सच के सामने असत्य और आतंक की हार हुई। पाकिस्तान ने अतीत में जितने भी प्रयास किये, उसे मुंह की खानी पड़ी। उसने अपने इतिहास से कुछ नहीं सीखा है। वो आतंकवाद के सहारे प्रॉक्सी वॉर के सहारे अपने आप को प्रासंगिक बनाये रखने का प्रयास कर रहा है। लेकिन आज जब मैं उस जगह से बोल रहा हूं, जहां आतंक के आकाओं को मेरी आवाज सीधे सुनाई पड़ रही है। मैं आतंकवाद के इन सरपरस्तों को कहना चाहता हूं उनके नापाक मंसूबे कभी कामयाब नहीं होंगे।

## अनुराग गुप्ता ने संभाला डीजीपी का कार्यभार



**रांची (आजाद सिपाही)।** आइपीएस अधिकारी अनुराग गुप्ता को झारखंड का नया डीजीपी बनाया गया। नोटिफिकेशन जारी होने के बाद उन्होंने पदभार भी ग्रहण कर लिया। निवर्तमान डीजीपी अजय कुमार सिंह ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वहीं, अजय कुमार सिंह को स्थांतरित करते हुए पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। उन्हें दिल्ली झारखंड भवन की भी जिम्मेवारी दी गयी है। झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत प्रशांत सिंह को स्थातंरण करते हुए संचार एवं तकनीकी सेवाएं रांची के पद पदस्थापित किया जाता है।









आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 64,700 रु./10 ग्राम
चांदी 85,000 रु./प्रति किलो



# कई चुनौतियों से जूझना होगा झारखंड के नये डीजीपी को

## ■ अपराध नियंत्रण के साथ जनता का भरोसा हासिल करना सबसे जरूरी

## ■ पुलिस विभाग का 'चाचा चौधरी' कहा जाता है अनुराग गुप्ता को, क्योंकि उनका दिमाग कंप्यूटर से भी तेज दौड़ता है

**आजाद सिपाही विशेष**

झारखंड के नये डीजीपी के रूप में अनुराग गुप्ता ने पदभार संभाल लिया है। हेमंत सोरेन सरकार ने अजय कुमार सिंह के स्थान पर उन्हें पुलिस महकमे का मुखिया नियुक्त किया है। झारखंड की सवा तीन करोड़ आबादी को नये डीजीपी से बहुत उम्मीदें हैं। इसलिए उनके सामने इन उम्मीदों पर खरा उतरने की बड़ी चुनौती है। उनकी नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब राज्य में विधानसभा चुनाव होना है। इस चुनाव को निरापद ढंग से निपटाना उनके लिए सबसे बड़ा चैलेंज है। अपराध नियंत्रण के साथ आम लोगों का भरोसा हासिल करना झारखंड पुलिस के लिए बड़ा टास्क है और अनुराग गुप्ता को इस पर खरा उतरना होगा। इसके अलावा महिलाओं के खिलाफ अपराध और नक्सल समस्या पर नियंत्रण के लिए नये डीजीपी को नये उत्साह के साथ काम करना होगा। झारखंड पुलिस के मानवीय चेहरे को बरकरार रखने के लिए भी उन्हें ठोस रणनीति के तहत काम करने की जरूरत होगी। जमीन और कोयले के कारोबार में लिप्त पुलिसकर्मियों पर नकेल कसना भी उनके लिए बड़ा टास्क हो सकता है। नये डीजीपी के साथ सबसे बड़ी सकारात्मक बात यह है कि वह झारखंड पुलिस से अच्छी तरह वाकिफ हैं। वह यहां की समस्याओं से वह अच्छी तरह परिचित हैं। अनुराग गुप्ता बेहद सुलझे हुए अधिकारी माने जाते हैं। उन्हें पुलिस का 'चाचा चौधरी' भी कहा जाता है, क्योंकि उनका दिमाग कंप्यूटर से भी तेज दौड़ता है। उन्होंने कई बड़े मामलों को केवल अपनी काबिलियत और अलग कार्यशैली के कारण सुलझाया है। कौन हैं झारखंड के नये डीजीपी, क्या हैं उनके सामने व्याप्त चुनौतियां और क्या है उनकी कार्यशैली, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

26 जुलाई, 2024 को जब झारखंड के नये डीजीपी के रूप में 1990 बैच के आइपीएस अनुराग गुप्ता की नियुक्ति की अधिसूचना जारी हुई, तो इस पर बहुत कम लोगों को आश्चर्य हुआ, क्योंकि वह राज्य के वरिष्ठतम आइपीएस होने के अलावा इस पद के सर्वथा योग्य हैं। करीब डेढ़ साल पहले फरवरी, 2023 में जब अजय कुमार सिंह को डीजीपी नियुक्त किया गया था, तब अनुराग गुप्ता को अपराध अनुसंधान विभाग के साथ भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो का डीजीपी बनाया गया था। इन दोनों अधिकारियों ने बेहतरीन तालमेल और आपसी समझदारी के साथ राज्य पुलिस का नेतृत्व किया। अब अनुराग गुप्ता ने डीजीपी का पदभार संभाल लिया है और इसके साथ ही उनके सामने चुनौतियों की लंबी फेहरिस्त भी आ गयी है। अपराध अनुसंधान विभाग और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के डीजीपी के रूप में उन्होंने पिछले एक साल के दौरान जो शानदार उपलब्धियां हासिल की हैं, उनसे तो झारखंड की सवा तीन करोड़ की आबादी को यह भरोसा हो गया है कि वह पुलिस महकमे का चेहरा बदलने में कामयाब होंगे। इसके साथ ही एक कड़क अधिकारी होने के कारण भी लोगों की उम्मीदें उनसे काफी बड़ी हैं।

### 1990 बैच के आइपीएस हैं अनुराग गुप्ता

अनुराग गुप्ता 1990 बैच के आइपीएस हैं। उन्होंने झारखंड पुलिस में महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। वह गढ़वा और हजारीबाग में एसपी रह चुके हैं और रांची के एसएसपी के पद पर काम कर चुके हैं। इसके अलावा वह बोकारो रेंज के डीआइजी के पद पर लंबे समय तक काम कर चुके हैं। अनुराग गुप्ता के काम करने की शैली पूरी तरह अलग है। वह एक रणनीति के तहत काम करते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि उनके पास एक ऐसा खुफिया तंत्र है, जिसे उन्होंने खुद तैयार किया है। अनुराग गुप्ता को बेहद कड़क अधिकारी माना जाता है। वह अपनी विलक्षण स्मरण शक्ति और चुटकियों में किसी मामले को सुलझाने के लिए चर्चित हैं। इसलिए उन्हें पुलिस महकमे का 'चाचा चौधरी' कहा जाता है, क्योंकि उनका दिमाग कंप्यूटर से भी तेज दौड़ता है। साइबर अपराध और भ्रष्टाचार के कई मामले उन्होंने सुलझाये हैं। अनुराग गुप्ता ने साइबर अपराध के खिलाफ झारखंड में पहली बार कदम उठाये। इसके कारण कई साइबर अपराधी गिरफ्तार किये गये और अब झारखंड के थानों में साइबर अपराध से संबंधित मामले दर्ज होने लगे हैं। कुछ वर्ष पहले तक तो थाने में साइबर अपराध से संबंधित मामले दर्ज ही नहीं किये जाते थे।



### नये डीजीपी ने गिनायी प्राथमिकताएं

नये डीजीपी अनुराग गुप्ता ने अपनी प्राथमिकताएं गिना दी हैं। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से चार बिंदुओं पर फोकस किया जायेगा। इनमें नशीले पदार्थ, साइबर, हिंसक अपराध और महिलाओं की सुरक्षा शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटना होने पर पुलिस की प्रतिक्रिया त्वरित होनी चाहिए। पुलिस को आम लोगों के प्रति संवेदनशील बनाने पर जोर दिया जायेगा। सबसे जरूरी है कि थाना में लोगों की बात को अच्छे तरीके से सुना जाये। उन्होंने पुलिस सिस्टम को मजबूत करने के लिए ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत के साथ प्रतिनियुक्ति पर विशेष सावधानी बरतने और पारदर्शिता के साथ ट्रांसफर-पोस्टिंग करने को जरूरी बताया।

### क्या हैं नये डीजीपी के सामने चुनौतियां

अनुराग गुप्ता की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है, जब विधानसभा चुनाव सिर पर है। ऐसे में उनके सामने यह चुनाव निरापद ढंग से संपन्न कराना सबसे बड़ा चैलेंज है। इसके साथ ही पुलिस के साथ आम जनता के रिश्तों में सुधार करना भी उनके लिए चुनौती है। वास्तव में झारखंड पुलिस को इस वक्त आम लोगों का विश्वास हासिल करने की सबसे अधिक जरूरत है। हाल के दिनों में राज्य में अपराध की स्थिति चिंताजनक हो गयी है। नये डीजीपी को पुलिस के खुफिया तंत्र को मजबूत करने के साथ पुलिस की मारक क्षमता को बढ़ाने की तरफ ध्यान देना होगा। राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध के साथ सामान्य अपराध भी बढ़े हैं, जिन पर लगाम लगाना और अपराधियों को कानून के शिकंजे में लाने का चैलेंज नये डीजीपी के सामने है। इसके साथ झारखंड पुलिस के साथ एक बड़ी समस्या यह है कि बड़ी संख्या में इसके अधिकारी जमीन और कोयले के अवैध कारोबार में लिप्त हैं। बार-बार चेतावनी दिये जाने के बावजूद ऐसे पुलिस अधिकारी सुधरने का नाम नहीं ले रहे। इससे अपराध पर अंकुश लगाना अक्सर मुश्किल हो जाता है। नये डीजीपी को पुलिस महकमे की इस अंदरूनी बीमारी को दूर करने के लिए बहुत परिश्रम करना होगा। उन्होंने अपने पहले साक्षात्कार में पुलिसकर्मियों को जनता के साथ शालीन व्यवहार करने की बात कही है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इसका सकारात्मक असर होगा। नये डीजीपी झारखंड पुलिस का मानवीय चेहरे को और चमकायेंगे, यह उम्मीद तो लगायी ही जा सकती है।

नये डीजीपी को झारखंड की समस्याओं की बेहतर समझ है। वह राज्य के विभिन्न इलाकों से अच्छी तरह परिचित भी हैं। अपने 34 साल के लंबे करियर में उन्होंने जिस सुलझे तरीके से चुनौतियों का सामना किया है, उससे यह उम्मीद बंधी है कि वह डीजीपी के रूप में कामयाबी की नयी ऊंचाइयां हासिल करेंगे। उनकी छवि एक सुलझे हुए पुलिस अधिकारी की है, जो अपने काम के रास्ते में आनेवाली किसी भी रुकावट से सीधे टकराने में नहीं हिचकते। एसीबी के डीजीपी के रूप में उन्होंने बेहद कुशलता से भ्रष्टाचार पर प्रहार किया है। झारखंड को अपराध मुक्त बना कर उसकी ख्याति एक निरापद और सुरक्षित प्रदेश के रूप में दुनिया भर में फैलाना नये डीजीपी के सामने बड़ा चैलेंज है। उनके पास इन चुनौतियों से पार पाने के लिए अभी लंबा वक्त है। इसलिए यह उम्मीद बंधती है कि नये डीजीपी झारखंड पुलिस के उस चमकीले चेहरे को दुनिया के सामने लाने में सफल होंगे। इसके लिए खुफिया तंत्र को मजबूत करना जरूरी होगा, जिसका व्यापक अनुभव नये डीजीपी को है। पुलिसकर्मियों का आम जनता के साथ शालीन व्यवहार हो, यह नये डीजीपी की प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए खुफिया सूचनाएं अब पुलिस को मिलेंगी, इसकी उम्मीद भी जगी है। कुल मिला कर नये डीजीपी के सामने चुनौतियों का अंबार है और वह इससे पीछे हटने वाले अधिकारी नहीं हैं। झारखंड पुलिस को नया कलेवर और नया तेवर देने से वह कतई पीछे नहीं हटेंगे।

---

## झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र का आगाज

# सदन की कार्यवाही सोमवार तक स्थगित

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र का पहला शोक प्रस्ताव के बाद कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी गयी। हालांकि स्पीकर ने सत्र संचालन के लिए सभापति और कार्यमंत्रणा समिति की घोषणा की। वहीं दूसरी ओर विपक्ष ने विधानसभा के पोर्टिको में प्रदर्शन किया। सदन की कार्यवाही 11.10 बजे शुरू हुई। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सत्र संचालन के लिए सभापति की घोषणा की। कार्यमंत्रणा समिति का गठन किया। पिछले सत्र और इस सत्र के बीच जितने भी राजनीतिज्ञों और विभिन्न क्षेत्र की हस्तियों के निधन पर शोक व्यक्त पेश किया गया। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संसदीय कार्यमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, सुदेश महतो, विनोद कुमार सिंह, सरयू राय और अमित महतो की ओर से भी शोक व्यक्त किया गया। सभी दलों के नेताओं ने पूर्व लालचंद महतो, सुशील कुमार मोदी के अलावा हीराराम तूफानी, महेंद्र नारायण यादव, शांति देवी, एल रामदास, डॉ रमेश शरण और बुधवा उरांव समेत अन्य लोगों के निधन पर शोक.संवेदना जतायी। शोक प्रस्ताव के बाद स्पीकर ने सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे के लिए स्थगित कर दी गयी। इस बीच सदन में एटीआर रिपोर्ट भी पेश किया गया।



### ये होंगे सभापति

- स्टीफन मरांडी
- रामचद्र सिंह
- रामचंद्र चंद्रवंशी
- निरल पूर्ति
- रामदास सोरेन



### कार्य मंत्रणा समिति का गठन

कार्यमंत्रणा समिति में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो के अलावा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, संसदीय कार्य मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, सुदेश महतो और सरयू राय को सदस्य मनोनीत किया गया। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मंत्री बन्ना गुप्ता, दीपक बिरुआ, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, कमलेश कुमार सिंह, स्टीफन मरांडी, नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रदीप यादव, रामचंद्र चंद्रवंशी, विनोद सिंह और पूर्णिमा नीरज सिंह शामिल हैं।

### सदन के बाहर विपक्ष का धरना




रांची (आजाद सिपाही)। विधानसभा सत्र के पहले दिन सत्र शुरू होने से पहले विपक्ष ने सदन के बाहर धरना दिया। भाजपा नेता सदन के बाहर बैनर लेकर बैठ गये। सीएम हेमंत सोरेन के खिलाफ नारे लगाये। बैनर पर लिखा था कि पत्थर, कोयला, बालू को लूटनेवाली सरकार हाय हाय, पांच लाख नौकरी का क्या हुआ। स्नातक को 5000 और स्नाताकोत्तर को 7000 बेरोजगारी भत्ता का क्या हुआ। धरना देने वालों में विधायक अमित मंडल, समरी लाल, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, बिरंची नारायण समेत अन्य विधायक शामिल थे।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

विधानसभा मानसून सत्र को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। विशेष सत्र में सहायक पुलिसकर्मियों के विधानसभा परिसर में प्रवेश नहीं हो, इसको लेकर सुरक्षा के खास इंतजाम दिखा। सभी की आइडी और पास की चार स्तर पर जांच की जा रही थी। इसके बाद ही लोगों को विधानसभा परिसर में प्रवेश करने दिया जा रहा है।

### धरना पर बैठे लंबोदर महतो, सहारा जमाकर्ताओं की राशि भुगतान की मांग



रांची (आजाद सिपाही)। गोमिया विधायक लंबोदर महतो विधानसभा के बाहर धरने पर बैठे। उन्होंने झारखंड के सहारा में निवेश करने वाले राज्य के जमाकर्ताओं के अरबों रुपये की जमा राशि का अविलंब भुगतान करने की मांग की।

### 29 जुलाई को पेश होगा अनुपूरक बजट

रांची। छह दिवसीय झारखंड विधानसभा के सत्र में 29 जुलाई को वित्तीय वर्ष 2024-25 का पहला अनुपूरक बजट पेश होगा। इसके बाद अगले दिन इस बजट पर चर्चा होगी। माना जा रहा है कि इस सत्र में वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार कई विधेयक भी लेकर आ सकती है। वहीं आखिरी दिन गैर सरकारी संकल्प होंगे। विधानसभा में अलग-अलग विषयों पर चर्चा की मांग भी की जा रही है।

---

# सेना भर्ती रैली आज से 10 अगस्त तक

## अभ्यर्थी दलालों के चक्कर में ना पड़ें: कर्नल विकास

**मेरिट के आधार पर ही होगा चयन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के होटवार स्थित खेलगांव के स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में 27 जुलाई से 10 अगस्त तक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जायेगा। इस सेना भर्ती रैली में झारखंड राज्य के सभी जिलों के शार्ट लिस्ट किये गये अग्निवीर उम्मीदवारों के लिए और जूनियर कमीशन अफसर के लिए बिहार-झारखंड राज्य के शार्ट लिस्ट किये गये पुरुष उम्मीदवारों के लिए आयोजित किया गया है। ये बातें कर्नल विकास भोला ने शुक्रवार को खेलगांव में पत्रकारों से कहीं। कहा कि पूरे देश में 22 अप्रैल से तीन मई तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा के आयोजन के बाद शॉर्ट लिस्ट उम्मीदवारों के लिए क्षेत्रीय भर्ती मुख्यालय बिहार-झारखंड के तत्वावधान में सेना भर्ती कार्यालय रांची के जरिये रिक्रूटमेंट रैली खेलगांव स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित की जा रही है। खेलगांव का गेट रात 12 बजे से छह बजे तक खुला रहेगा। कर्नल ने कहा कि कोई भी अभ्यर्थी दलालों को अपना डॉक्यूमेंट ना दें और उनके चक्कर में ना पड़ें। 70 से ज्यादा सीसीटीवी की निगरानी में भर्ती प्रक्रिया होगी। कोई भी अभ्यर्थी दलाल के कहने पर पास और फेल नहीं होता है। वह मेरिट पर ही पास होता है, तभी उसका सलेक्शन होता है। कर्नल ने कहा कि किसी अभ्यर्थी का एडमिट कार्ड नहीं आया है, वह खेलगांव स्थित स्टेडियम पहुंचे। उनका एडमिट कार्ड निकाल कर यहां से दिया जायेगा। सेना का प्रयास है कि कोई भी अभ्यर्थी भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित ना रहे। इस ग्राउंड के मिलने से हम अच्छे तरीके से अभ्यर्थियों का टेस्ट ले पायेंगे। उन्होंने कहा कि इसमें जिला प्रशासन सहित अन्य वरीय अधिकारियों का विशेष सहयोग मिल रहा है।

कर्नल ने कहा कि वर्ष 2023-24 से भर्ती की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किये गये हैं, जहां ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा को चयन प्रक्रिया के पहले फिल्टर के रूप में शामिल किया गया है। इसके बाद चयनित उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा, शारीरिक माप टेस्ट तथा मेडिकल जांच की जायेगी। 25 प्रतिशत अग्निवीरों को स्थायी नामांकन के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जायेगा।




### किस दिन होगी किनकी बहाली

- जूनियर कमीशन अफसर- बहाली 27 जुलाई को होगी। इसमें बिहार और झारखंड राज्य के शार्ट लिस्ट पुरुष उम्मीदवार हिस्सा लेंगे।
- अग्निवीर टेक्निकल और ऑफिस असिस्टेंट- बहाली 27 जुलाई को होगी। इसमें झारखंड राज्य के सभी जिलों के शॉर्टलिस्ट उम्मीदवार हिस्सा लेंगे।
- अग्निवीर ट्रेड्समैन- आठवीं पास और अग्निवीर ट्रेड्समैन दसवीं पास की बहाली 28 जुलाई को होगी। इसमें झारखंड के सभी जिलों के शार्ट लिस्ट उम्मीदवार हिस्सा लेंगे।
- अग्निवीर जेनरल ड्यूटी: बहाली 29 जुलाई से 5 अगस्त तक चलेगी। इसमें झारखंड के सभी जिलों के उम्मीदवार जो शॉर्टलिस्ट हैं, वह हिस्सा ले सकेंगे।
- 6 अगस्त से 8 अगस्त तक रिजर्व दिवस रहेगा।

www.epaper.azadsipahi.in

27 जुलाई, 2024
श्रावण, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 09, अंक 277

असम का मोइदम यूनेस्को वर्ल्ड हैरिटेज में शामिल



## मुख्यमंत्री विधानसभा परिसर में आयोजित वन महोत्सव में हुए शामिल

# पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी हम सुरक्षित रहेंगे: हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने परिसर में लगाया पौधा, ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के संकल्प की अपील की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा, तभी हम सुरक्षित रहेंगे। अगर पेड़-पौधे नहीं होंगे, तो प्राणियों पर खतरा उत्पन्न हो जायेगा। भविष्य में ऐसी स्थिति पैदा नहीं हो, इसके लिए पर्यावरण का संरक्षण नितांत आवश्यक है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को झारखंड विधानसभा परिसर में आयोजित 75वां राज्यव्यापी वन महोत्सव बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संतुलन के लिए सभी को कदम से कदम मिलाकर चलने की जरूरत है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और अन्य अतिथि गणों ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।

**75 वर्षों से मनाते आ रहे हैं वन महोत्सवः** मुख्यमंत्री ने कहा कि 75 वर्षों से हम वन महोत्सव मनाते आ रहे हैं। आप इस बात से अंदाजा लगा सकते हैं कि शुरुआत के वन महोत्सव में जो पौधे लगे होंगे, वे वर्तमान समय में किस स्थिति में होंगे। वन महोत्सव सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि पर्यावरण को सुरक्षित करने का एक बड़ा अभियान है। ऐसे में हम सभी ज्यादा से ज्यादा पौधा लगाने का संकल्प लें, ताकि पर्यावरण में जो असंतुलन पैदा हो रहा है, उसे नियंत्रित कर सकें।



### जल, जंगल और जमीन झारखंड की पहचान : हेमंत

हेमंत ने कहा कि जल, जंगल और जमीन झारखंड की पहचान रही है। एक ऐसा भी वक्त था, जब राज्य में चारों ओर घने जंगल थे। हर तरफ हरियाली ही हरियाली थी। उसे दौरान यहां पौधरोपण की कोई जरूरत नहीं पड़ती थी। जैसे-जैसे विकास की ओर बढ़ते गये, जंगलों पर खतरा पैदा होता गया। उद्योग-धंधे का विस्तार, बड़े पैमाने पर खनन कार्य होने और पुल-पुलिया सड़कों का जाल बिछने समेत कई अन्य कारणों से बड़े पैमाने पर पेड़ काटे गये। जहां जंगल हुआ करते थे, वहां कंक्रीट के जंगल बन गये। प्राकृतिक व्यवस्था में हस्तक्षेप का सीधा असर पर्यावरण पर पड़ा। प्रकृति का संतुलन बिगड़ने से आज हमें तरह-तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। अगर नहीं चेते तो इसके गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहना होगा। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने के लिए सभी को आगे आना होगा, तभी पर्यावरण के साथ अपने जीवन को सुरक्षित रख पायेंगे।

### पौधरोपण अत्यंत जरूरी है : रवींद्र नाथ महतो

इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने कहा कि पौधरोपण अत्यंत जरूरी है। हमारे पूर्वजों के काल से ही पौधरोपण पर अत्यधिक ध्यान दिया जाता रहा है। आज की पीढ़ी को भी पौधे लगाने चाहिए। कोरोना के समय में हमने ऑक्सीजन के महत्व को भली-भांति समझा है, तो अब हमें पौधरोपण के लिए जागरूक होना चाहिए। इस अवसर पर मंत्री रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी और मिथिलेश कुमार ठाकुर के अलावा कई विधायकगण, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पीसीसीएफ संजय श्रीवास्तव समेत कई वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

## झारखंड में घट रही आदिवासियों की जनसंख्या

# संथाल परगना में स्थिति अलार्मिंग: बाबूलाल मरांडी

- डेमोग्राफी में बड़ा परिवर्तन डेमोक्रेसी के लिए खतरा
- मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर घटती आबादी की जांच एसआइटी से कराने का अनुरोध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर संताल परगना की बदलती डेमोग्राफी पर राज्य सरकार को घेरा। श्री मरांडी मानसून सत्र के पहले दिन विधानसभा परिसर में मीडिया से बात कर रहे थे। कहा कि पूरे प्रदेश में आदिवासियों की आबादी लगातार घट रही है। संथाल परगना क्षेत्र की डेमोग्राफी में अप्रत्याशित बदलाव आया है। डेमोग्राफी का यह परिवर्तन डेमोक्रेसी के लिए खतरा है। यह सबके लिए चिंता का विषय है।

उन्होंने कहा कि इस परिवर्तन में सबसे ज्यादा अगर कोई समुदाय प्रभावित हुआ है, वह है जनजाति समाज। उन्होंने 1951 और 2011 की जनगणना रिपोर्ट के आधार पर प्रकाशित आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि झारखंड में वर्ष 1951 में आदिवासियों की आबादी 36 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 8.9 प्रतिशत थी। 2011 में आदिवासी



26 प्रतिशत हो गये। साथ ही मुस्लिम 14.5 प्रतिशत तक पहुंच गये। अर्थात आदिवासी घटे और मुस्लिम बढ़े।

उन्होंने संताल परगना का आंकड़ा बताते हुए कहा कि यहां की स्थिति तो खतरे की घंटी तक पहुंच गयी है। यहां अलार्मिंग स्थिति है। कहा कि 1951 में संताल परगना में आदिवासियों की जनसंख्या 44.67, मुस्लिम की 9.44 प्रतिशत थी। वहीं 2011 में आदिवासियों की जनसंख्या घटकर 28.11 प्रतिशत हो गयी और मुस्लिम आबादी बढ़कर 22.73 प्रतिशत तक पहुंच गयी। अन्य की आबादी बढ़कर 49.2 ही हुई। उन्होंने कहा कि ये आंकड़े डेमोग्राफी में हुए बड़े बदलाव की ओर स्पष्ट संकेत कर रहे हैं।

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इतना ही नहीं, बल्कि विगत दिनों भाजपा द्वारा किये गये मतदाता सर्वे के आंकड़ों पर विचार करेंगे, तो संताल परगना के 10 विधानसभा क्षेत्रों में 2019 से 2024 की मतदाता सूची में एक-एक बूथ पर 20 से लेकर 123 प्रतिशत तक मतदाताओं की संख्या में वृद्धि हुई है। भाजपा ने इसे लेकर चुनाव आयोग को ज्ञापन सौंपा है और जांच कराने की मांग की है। श्री मरांडी ने कहा कि देश की संवैधानिक व्यवस्था में जनसंख्या के समानुपातिक अनुपात के अनुसार एसटी-एससी के लिए लोकसभा, विधानसभा चुनावों और नौकरियों में आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। इसलिए आदिवासियों की जनसंख्या घटने से न केवल डेमोग्राफी बदल रही, बल्कि आरक्षण प्रतिशत भी घटने की नौबत आयेगी। सर्वाधिक नुकसान आदिवासी समाज को होगा कहा कि मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर घटती आबादी के कारणों की जांच एसआइटी गठित कर कराने की मांग की है। मुख्यमंत्री को शीघ्र पहल करते हुए कारवाई करनी चाहिए।

# पूर्णिया में तनिष्क शोरूम से दो करोड़ की लूट

- स्टाफ और ग्राहकों को बंधक बनाया
- 7 बदमाशों ने गन प्वाइंट पर की लूटपाट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पूर्णिया।** बिहार के पूर्णिया में शुक्रवार सुबह तनिष्क शोरूम में लूट हुई है। डीआइजी विकास कुमार ने बताया कि अब तक के आकलन के अनुसार दो से तीन करोड़ की यह लूट है। लूट के आंकड़े घट या बढ़ सकते हैं। इस घटना में सात बदमाश शामिल थे। सीसीटीवी कमरे में कैद तस्वीरों के आधार पर उनकी तलाश के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। जल्दी ही अपराधियों को धर दबोचा जायेगा। डीआइजी ने कहा है कि




लूट से जुड़ी घटना में शामिल बदमाशों के बारे में सूचना देने वालों को तीन लाख रुपये की इनामी राशि दी जाएगी। साथ ही पहचान गुप्त रखा जायेगा।

वहीं, शोरूम के स्टाफ ने बताया कि बाइक से आये अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया है। सभी के पास हथियार थे। सभी ने गन पॉइंट पर लूटपाट की। लूटपाट के दौरान बदमाशों ने शोरूम के कर्मचारी और ग्राहकों को ऊपर वाले फ्लोर पर बंधक बना लिया था। घटना पूर्णिया के सहायक खजांची थाना क्षेत्र के डाकबंगला चौक स्थित तनिष्क शोरूम में हुई। अपराधी 20 मिनट में पूरी वारदात को अंजाम देकर निकल गये।

# विधान परिषद सदस्य सुनील सिंह की सदस्यता रद्द

**पटना।** बिहार में राजद के एमएलसी सुनील सिंह की विधान परिषद सदस्यता समाप्त कर दी गयी है। पहले सदन में सुनील सिंह की सदस्यता खत्म करने का प्रस्ताव पेश किया गया। इसके बाद बहुमत से प्रस्ताव पास करते हुए सदस्यता खत्म कर दी गयी। सभापति अवधेश नारायण सिंह ने परिषद में इस बात की घोषणा की। वहीं, इस मुद्दे पर सुनील सिंह ने कहा कि कार्रवाई नीतीश कुमार पर होनी चाहिए। हालांकि, विपक्ष के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दोपहर दो बजे तक स्थगित की गयी। बता दें कि राजद एमएलसी सुनील सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर मिमीक्री की थी और आपत्तिजनक बयान दिया था। उन्होंने सदन के अंदर मुख्यमंत्री को पलटूराम कहा था।

# राहुल सुल्तानपुर कोर्ट में हुए पेश, मोची की दुकान भी पहुंचे

- प्रतिपक्ष के नेता ने पूछा, जूता कैसे बनाते हो, चप्पल की सिलाई भी की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सुल्तानपुर/लखनऊ।** संसद में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी गृहमंत्री अमित शाह मानहानि केस में शुक्रवार को सुल्तानपुर कोर्ट पहुंचे। लौटते वक्त राहुल ने अचानक अपना काफिला एक मोची की दुकान पर रुकवा लिया। गाड़ी से उतरकर राहुल मोची राम चैत की दुकान पर पहुंचे। चप्पल की सिलाई की। उनसे पूछा कि जूते कैसे बनाते हो? करीब पांच मिनट तक राम चैत से बातचीत के बाद राहुल वहां से निकल गये। राम चैत ने राहुल से कहा कि मैं गरीब हूं। थोड़ी मदद कीजिए। राहुल ने नीट छात्र से भी मुलाकात



की। कहा कि पेपर लीक होनहार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इससे पहले, गृहमंत्री अमित शाह की मानहानि केस में राहुल सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में पेश हुए। यहां उन्होंने बयान दर्ज कराये। जज से कहा कि मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है। मैं सारे आरोपों से इनकार करता हूं। मेरी और मेरी पार्टी की छवि को धूमिल करने के लिए आरोप लगाये गये हैं। राहुल करीब 16 मिनट तक कोर्ट रूम में रहे। 12 अगस्त को इस मामले में अगली सुनवाई होगी। राहुल के पहुंचने के पहले कोर्ट में जबरदस्त भीड़ हो गयी। राहुल पर आरोप है कि 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान उन्होंने कहा था कि अमित शाह हत्या के आरोपी हैं। इस बयान के खिलाफ सुल्तानपुर में भाजपा नेता विजय मिश्रा ने 2018 में मानहानि का केस दर्ज कराया था। इसी मामले में सुनवाई हुई। दिसंबर 2023 में इस मामले में राहुल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ था, जिस पर राहुल ने 20 फरवरी को कोर्ट में सरेंडर करके जमानत करायी थी।

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ को बड़ी सफलता

# धनबाद के सुदामडीह तालाब से मोबाइल से भरी बोरी किया जब्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआइ को धनबाद से बड़ी सफलता हाथ लगी है। सीबीआइ की टीम शुक्रवार को धनबाद के सुदामडीह थाना क्षेत्र के भाटबांध नामक तालाब गयी, जहां से टीम ने गोताखोरों की मदद से तालाब से एक बोरी में भरा मोबाइल फोन जब्त किया है। इसमें कई जब्त मोबाइल क्षतिग्रस्त हैं। टीम ने मोबाइल से भरा हुई बोरी को जब्त कर अपने साथ ले गयी। सीबीआइ टीम के साथ बिहार और झारखंड की पुलिस के साथ स्थानीय सुदामडीह थाना की पुलिस भी थी। मामले में सीबीआइ की टीम में मीडिया को कुछ नहीं बताया, लेकिन धनबाद से नीट पेपर लीक मामले में दो आरोपी अमन सिंह और बंटी वर्मा को गिरफ्तार कर पटना ले गयी थी। माना जा रहा है कि इन दोनों आरोपियों के द्वारा बताये जाने पर सीबीआइ की टीम धनबाद में एक तालाब से बोरी से मोबाइल जब्त किया है। इससे एक एहम सबूत हाथ लगने की बात कही जा रही है।

## झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना

# जोड़ी जायेंगी 48 लाख महिलाएं

- महिला के सशक्तीकरण और रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रख कर बनायी गयी है योजना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेमंत सरकार ने महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए एक नयी योजना की शुरुआत कर दी है। इस योजना के तहत शुरुआती दौर में अड़तालीस लाख महिलाओं को जोड़ने की योजना पर काम किया जा रहा है। झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना (जेएमएमएसवाइ) सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है ।

**क्या है योजना :** झारखंड मुख्यमंत्री मइयां सम्मान योजना हेमंत सरकार का महिला आत्मसम्मान को बढ़ावा देने के लिए एक कारगर कदम है। इसमें 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को रोजमर्रा की जरूरत को ध्यान में रखते हुए एक हजार रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी। योजना के तहत प्रत्येक माह की 15 तारीख तक सरकार बहनों के एकल लिंक्ड बैंक खाते में राशि क्रेडिट करेगी।





### क्या है सरकार की मंशा

हेमंत सरकार ने हाल के दिनों में महिलाओं के सशक्तीकरण और उनके आर्थिक सुदृढ़ीकरण के लिए कई योजनाओं को पेश किया, इन योजनाओं में महिलाएं केंद्र बिंदु थीं। उनके आर्थिक उन्नयन का का विशेष ख्याल रखा गया था। खासकर गरीब तबके की महिलाओं को केंद्रित कर योजनाएं बनायी गयी थीं, स्कूल जाने वाली बच्चियों के लिए योजना थी, साथ ही घरेलू महिलाएं जो छोटे-मोटे कामकाज करना चाहती थीं उन्हें भी कैसे सहायता मिले इसका विशेष ध्यान रखा गया था। इन योजनाओं से काफी फायदा भी हुआ जो योजना चली उनमें से प्रमुख है।

**किसे मिलेगा लाभः** इस योजना के तहत लाभुकों के लिए पात्रता को सरल रखा गया है। आवेदिका झारखंड की निवासी हों। उनकी आयु 21 वर्ष से अधिक एवं 50 वर्ष से कम की हो। आवेदिका का आधार लिंक्ड सिंगल (एकल) बैंक खाता हो। जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड नहीं है, वे भी योजना का लाभ दिसंबर-2024 तक उठा सकती हैं। मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड हो। आवेदिका का परिवार झारखंड राज्य के अंत्योदय अन्न योजना (पीला रंग का राशन कार्ड), पूर्ववित्ता प्राप्त गृहस्थ कार्ड (गुलाबी रंग का राशन कार्ड)/ के-ऑयल राशन कार्ड (सफेद रंग का राशन कार्ड)/ हरा रंग का पृथक राशन कार्ड धारी हो।

### महिला सशक्तीकरण के चलायी जा रही योजनाएं

- सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना- इसमें आठवीं कक्षा से बारहवीं कक्षा तक तथा 18/19 वर्ष की बेटियों को आर्थिक सहायता दी जाती है। योजना के तहत कुल 40 हजार रुपये तक की आर्थिक सहायता मिलती है।
- पलाश ब्रांड- राज्य की सखी मंडल की महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन और उनके द्वारा निर्मित उत्पाद को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पलाश ब्रांड को शुरू किया गया। पलाश ब्रांड से सखी मंडल की करीब दो लाख महिलाएं जुड़ी हैं।
- फूलो झानो आशीर्वाद अभियानझ्र मजबूरी में हाड़िया/शराब बिक्री और निर्माणकार्य से जुड़ी महिलाओं को सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने के उदेश्य से योजना संचालित की गयी है। ऐसी महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन के लिए 50 हजार तक की सहायता राशि प्रदान की जाती है। योजना से 32 हजार से अधिक महिलाओं को लाभ हुआ है। महिलाएं सम्मानजनक आजीविका से जुड़ीं।
- बैंक क्रेडिट लिंकेज- सखी मंडल से जुड़ी महिला समूह को बैंक क्रेडिट लिंकेज से सहायता प्रदान की गयी, ताकि वे अपने लिए स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त कर सकें। 2021 से पूर्व तक 640 करोड़ रुपये समूहों को बैंक क्रेडिट लिंकेज के जरिये दिया था, वहीं विगत साढ़े चार वर्ष में 1 लाख 40 हजार समूहों को लगभग 8,250 करोड़ रुपये की राशि बैंक क्रेडिट लिंकेज की गयी।

## भुरकुंडा में वरिष्ठ नागरिक मंच की हुई बैठक



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा पंचायत भवन में शुक्रवार को अशोक कुमार चौहान के नेतृत्व में वरिष्ठ नागरिक मंच की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डॉ एनके सिंह और मंच संचालन आरपी राणा ने किया। बैठक की शुरूआत राष्ट्रगान से किया गया। बैठक के दौरान रामाशीष कुमार, हबीबुल्लाह खान, बालीचरण, जैनुल हसन, यदुनाथ प्रशाद सहित सभी नए सदस्यों को पुष्प देकर सम्मानित किया गया। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं पर चर्चा की गयी। सभी वरिष्ठ नागरिकों ने एक-दूसरें के सुख-दुख में हमेशा साथ खड़ा रहने का संकल्प लिया। मौके पर अशोक कुमार चौहान ने सभी को आश्वासन दिया किसी भी तरह की समस्या होने पर आप मुझसे संपर्क कर सकते हैं। बैठक में अति वरिष्ठ नागरिक 98 वर्षीय राजेंद्र पांडेय, बंशीधर प्रसाद को रणविजय सिंह, परमजीत सिंह धामी, केपी मुखर्जी आदि ने पुष्प और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक दौरान वरिष्ठ नागरिक रणविजय सिंह का जन्मदिन मनाया गया। साथ ही उपहार देकर उनके सुखद जीवन और स्वस्थ्य शरीर की कामना की गयी। मौके पर के मुखर्जी, बलीचरण गोराइ, रामकिशोर प्रसाद, सूरजपत पाठक, बृजलाल सिन्हा, अशोक कुमार लाल, परशुराम सिंह, प्रभु कुमार चटर्जी, नागदेव, अशोक कुमार चौहान, रामाशीष कुमार, रणविजय सिंह, रंजीत सिंह, परमजीत सिंह धामी, बलीधर प्रसाद, रविंद्र नाथ सरकार, नित्यानंद पाठक, हबीबुल्लाह खान, नरेश कुमार त्रेहन, सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय, बबन मिश्रा, सुभाष चंद्र सिंह, जैनुल हसन, यदुनाथ प्रसाद, राम रतन शर्मा, डॉ एनके सिंह, देवदत्त चटर्जी, आरपी राणा, अरविंद प्रजापति, विनोद सिंह, राजेंद्र पांडेय सहित कई लोग मौजूद थें।

## पतरातू के औद्योगिक क्षेत्र अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में हुई जनसुनवाई



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू के औद्योगिक क्षेत्र स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में शुक्रवार को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के तत्वावधान में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड हजारीबाग के क्षेत्रीय पदाधिकारी जितेन्द्र कुमार शाह, जिला उधम केंद्र हजारीबाग के महाप्रबंधक कुमार शंभू शरण, अंचल अधिकारी अमित भगत उपस्थिति रहे। जनसुनवाई के दौरान जिला अपर समाहर्ता रामगढ़ गीतांजलि ने कहा कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट का विस्तारीकरण से संबंधित प्रस्ताव आया है। जिसे लेकर स्थानीय लोगों का पक्ष जरूरी है विस्तारित कारण होने से कई अवसर मिलेंगे। विस्तारीकरण होने के दौरान अगर कोई समस्या आती है तो कमेटी बनाकर इसका निराकरण किया जायेगा। इसी दौरान अल्ट्राटेक प्रबंधन की ओर से कहा गया कि अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट का विस्तार किया जा रहा है जिसमें प्रदूषण की समस्या नहीं होगी क्योंकि यहां उच्च स्तरीय तकनीक के द्वारा प्रोडक्शन किया जायेगा साथ ही प्रदूषण नियंत्रण मशीन काम करेगी। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन प्राधिकार के सदस्य संजीव बेदिया ने कहा कि प्लांट का विस्तार हो और स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को स्वास्थ्य शिक्षा की सुविधा मिले प्रबंधन नियमों के अनुसार कार्य करें अन्यथा आंदोलन किया जायेगा। भाजमो के केंद्रीय महासचिव निशी पांडेय ने कहा कि प्रबंधन ग्रामीणों के समस्या का समाधान करते हुए क्षेत्र का विकास करें। प्रदूषण न हो इस पर भी ध्यान दें। जिप सदस्य राजा राम प्रजापति ने कहा कि यहां के स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता दिया जाये। इस मौके पर जनसुनवाई में भाजपा के वरिष्ठ नेता राधेश्याम अग्रवाल, मुखिया किशोर कुमार महतो, पूर्व मुखिया वीरेंद्र झा, वारिस खान भुवनेश्वर महतो सहित कई जनप्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें। जनसुनवाई के उपरांत स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सीमेंट प्लांट और क्षेत्र में स्थित विभिन्न उद्योगों से हो रहे प्रदूषण के संबंध में अधिकारियों को अवगत कराया साथ ही अपना विरोध जताया इसी दौरान ग्रामीण और जनप्रतिनिधियों ने वायु प्रदूषण से आ रही समस्याओं के बारे में बताया, स्थानीय हेसला नदी में बाहर जा रहे हैं कचरा को दिखलाया जिससे काफी प्रदूषण हो रहा है इसके अलावे ग्रामीणों ने बंजर हो रहे हैं खेतों के संबंध में भी अधिकारियों को अवगत कराया। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड सचिव उदय अग्रवाल, सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## शहीद चौक में मनाया गया कारगिल दिवस



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** शहीद चौक में शुक्रवार को 25वां कारगिल दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम भाजपा जिला प्रकोष्ठ सह संयोजक पूर्व सैनिक विनय सिंह, और प्रकोष्ठ संयोजक पूर्व सैनिक मिथलेश पांडेय के नेतृत्त्व में आयोजित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहीद राजेश दास के पिता नरेश दास शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत शहीद राजेश दास के अदम आदम कद प्रतिमा में क्रमश ःमाला पहनाकर श्रधांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर कारगिल युध्द में सहादत देने वाले सैनिको को याद किया गया, और नम ःआंखों से श्रधांजलि दी गयी। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय चौबे, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य अक्षयबट पांडे, भाजपा नेता सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि ईश्वरदयाल पांडेय, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष संजीव पांडेय, भाजपा नेता प्रमोद सिंह, रामचंद्र गुप्ता, अभिषेक राज, प्रकाश यादव, भाजपा नेता बैजनाथ पांडेय, सरोज पांडेय, बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष जीत गुप्ता सहित कई उपस्थित थे।

## भ्रष्टाचार के मामले में रानीश्वर बीडीओ शिवाजी भगत को चार साल की सजा



**दुमका (आजाद सिपाही)।** रिश्वतखोरी के 14 साल पुराने मामले में रानीश्वर के वर्तमान बीडीओ शिवाजी भगत को दोषी करार देते हुए निगरानीअदालत के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने 4 साल की सजा और 1 लाख 20 हजार रुपये जुर्माना सुनाया है। शिवाजी भगत ने जामताड़ा जिला के नाला में बीडीओ सह सीओ के पद पर रहते हुए तारकनाथ मंडल से काम करने के एवज में 30 हजार की मांग की थी पीड़ित की शिकायत पर एसीबी ने 1 अप्रैल 2010 को उन्हें रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। वे सात माह तक जेल में रहे। पिछले साल दुमका के रानीश्वर प्रखंड के बीडीओ पद पर योगदान किया।

# ढोल नगाड़ों के साथ छावनी परिषद घेरने पहुंचे किसान, सड़क जाम की

**सीइओ से वार्ता के बात आंदोलन किया समाप्त**

**48 घंटे के अंदर छावनी परिषद किसानों को नहीं देती है जगह तो कचरा गिरने का स्थान को करायेंगे बंदः द्वारिका**

आजाद सिपाही संवाददाता




### सड़क जाम देख प्रतिनिधिमंडल को सीइओ ने बुलाया

सड़क जाम देख सीईओ ने एक प्रतिनिधिमंडल से वार्ता के लिए बुलाया। वार्ता के दौरान सीईओ अनंत आकाश ने किसान सहयोग समिति के सदस्यों को अस्वस्थ करते में कहा कि किसानों को उचित स्थान दिया जायेगा। उन्होंने एक आदेश जारी कर पुराने डेली मार्केट के अंदर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर व्यवसाय कर रहे सभी थोक सब्जी और फल व्यवसायों को आदेश दिया जाता है कि आप सभी 24 घंटे के अंदर छावनी डेली मार्केट से अनाधिकृत कब्जा हटा ले, अन्यथा जिला प्रशासन और छावनी परिषद के द्वारा संयुक्त कानूनी कार्रवाई करते हुए अनाधिकृत कब्जा हटाया जायेगा। इसके बाद किसानों ने आंदोलन समाप्त किया।

### सीइओ को 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा

प्रतिनिधिमंडल ने रामगढ़ डेली मार्केट में पूर्व में निर्धारित स्थल में ही किसानों को सब्जी बेचने के लिए जगह सुनिश्चित किया जाये, डेली मार्केट में किसानों के लिए बने शेड को बिचौलियों के द्वारा कब्जा किया हुआ शेड को अविलंब जिला पुलिस या सेना की मदद से खाली करवा कर किसानों को उपलब्ध करवाया जाये, डेली मार्केट में हरी सब्जी बेचने वाले स्व उत्पाद किसानों से किसी भी तरह का मासूल नहीं वसूला जाये, डेली मार्केट में शौचालय और पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाये, सब्जी तौलक शुल्क प्रति बोरा या प्रति टोकरी 5 रुपया किया जाये मांग शामिल है।

**रामगढ़।** किसान सहयोग समिति के पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को छावनी परिषद घेराव करने सैकड़ों की संख्या में किसान ढोल नगाड़ों के साथ छावनी परिषद कार्यालय पहुंची। इस दौरान किसानों ने छावनी परिषद के खिलाफ जमकर हल्ला बोला। जब किसानों का समूह छावनी परिषद पहुंची तो छावनी परिषद का मुख्य गेट बंद कर दिया गया। जिसके बाद किसान उग्र हो गये और सड़क पर बैठ गये। जिससे सड़क पूरी जाम हो गयी।

पत्रकारों को बताते हुए अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद में बताया कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत आज छावनी परिषद का घेराव किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए चिह्नित स्थानों से ही किसानों को खदेड़ा जा रहा था, जिसके विरोध में हम किसानों ने छावनी परिषद कार्यालय का घेराव किया। सीइओ से वार्ता के दौरान उन्होंने स्पष्ट कहा है कि किसानों के लिए चिह्नित स्थानों पर जो बिचौलियों ने कब्जा करके रखा है, उन्हें 24 घंटे के अंदर खाली कराया जायेगा। उन्होंने कहा कि पुराना दिल्ली मार्केट में अगर हम लोगों को 48 घंटे के अंदर जगह नहीं मिलता है तो छावनी परिषद का पूरा कचरा जहां गिरता है हम लोग उसे वहां गिरना बंद करा देंगे। सीइओ ने आश्वासन दिया है कि किसानों का जो माशुल्क लगता है उसे नहीं लिया जायेगा और किसी भी प्रकार की बदतमीजी नहीं की जायेगी।

**छावनी परिषद किसानों को प्रताड़ित करना करें बंद, जायज मांगों को करें पूराः अर्चनाः** घेराव कार्यक्रम के दौरान मुर्रामकला की पूर्व मुखिया अर्चना महतो ने कहा कि छावनी परिषद नित्य दिन किसानों को प्रताड़ित करती है जो बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है, जब भी किसान अपनी सब्जी लेकर बेचने आते हैं तो उनको प्रताड़ित करते हुए खदेड़ दिया जाता है। जबकि किसान कितने मेहनत से सब्जी उगते हैं बावजूद छावनी परिषद के कर्मचारियों द्वारा उन्हें परेशान किया जाता है। इस सब्जी को बेचकर किसान अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। अगर छावनी परिषद समस्याओं का हल नहीं निकालती है तो निश्चित है आगे और भी उग्र आंदोलन की जायेगी।

**घेराव कार्यक्रम में ये थे शामिलः** दामोदर महतो, ओमप्रकाश महतो, अनिकेत ओहदार, पूर्व मुखिया प्रयाग महतो, वार्ड पार्षद सीता देवी, वार्ड पार्षद जयंती देवी, पवन कुमार महतो, झरी महतो, धनंजय महतो, चिंतामणी पटेल, ताकेश्वर महतो, मनोज महतो, भरत महतो, भुनेश्वर महतो, चमन कुशवाहा, रोहित महतो, प्रमोद कुमार, सुदर्शन महतो, प्रकाश प्रभाकर, पंकज महतो, मुरलीधर कोठारी, महेश निगम,तेजपाल महतो, देवानंद महतो, अनिल महतो, केदार महतो, गिरीशंकर महतो,सुजीत महतो, सेवालाल महतो, ईश्वर महतो, आनंद केटियार, पनेश्वर कुमार, गोविंद महतो, अनिल पटेल, गुडू कुमार, सुरेंद्र कुमार, लाजवंती देवी, गुडी देवी, सुधीर अकेला, खिरोधर महतो, लोखेंद्र कुशवाहा, मनीष महतो, सुधीर अकेला, बिनोद कुशवाहा, राजेश महतो, शिव कुडमि, बिनोद महतो, विजेंद्र प्रसाद, अनुज ओहदार, तोप्पिक अंसारी, अमरलाल महतो, सोहन महतो, रुशिला देवी, रंजना देवी, प्रतिमा देवी आदि शामिल थे।

### रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन ने की आपातकालीन बैठक

# डेली मार्केट खाली करने के फरमान का विरोध

**किसान सहयोग समिति और झारखंड किसान महासभा सीइओ को कर रहे है दिग्भ्रमितः फाउंडेशन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन की आपातकालीन बैठक शुक्रवार को डेली मार्केट परिसर में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता रामदेव प्रसाद और संचालन अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा ने किया। इस दौरान बैठक में चर्चा किया गया कि किसान सहयोग समिति और झारखंड किसान महासभा के द्वारा 24 जुलाई को छावनी परिषद के मुख्य अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा, जिसमें डेली मार्केट के किसानों और दुकानदारों को अवैध कब्जा बात कर दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। वर्तमान में नई राजनीति के तहत चुनावी लाभ के लिए झारखंड किसान महासभा और किसान सहयोग समिति के द्वारा राजनीतिक षड्यंत्र के तहत एक नया संगठन बनाया है, जिसका मुख्य उद्देश्य राजनीति चुनावी लाभ लेना है। जिसका मुख्य निशाना डेली मार्केट को बनाया जा रहा है। दिल्ली मार्केट से स्थानीय और खटियाणी मूल निवासी को हटाने का प्रयास किया जा रहा है और छावनी परिषद कार्यालय को अपने मेल में लाकर एक आम सूचना डेली मार्केट में चिपकाया गया है। जिसमे 24 घंटे के अंदर डेली मार्केट खाली कर देने का फरमान जारी किया गया है। जिससे हम गरीब किसान लोगों को काफी परेशानी और भुखमरी के कगार पर आ जायेंगे। अगर देखा जाये छावनी परिषद रामगढ़ का नीति को एक तरफ उक्त डेली मार्केट के बाहर व्यापार करने के लिए गुमटी बनाकर बेच रहे हैं और दूसरी तरफ डेली मार्केट और 24 घंटा के अंदर खाली करने का आदेश जारी कर इस्तेहार चिपका दिये हैं। कहा गया कि झारखंड किसान महासभा और किसान सहयोग समिति को यह अधिकार नहीं है कि किसी मूल निवासी और खातियानी सब्जी विक्रेता को हटाने को आदेश जारी करें। डेली मार्केट रामगढ़ में जो भी किसान सब्जी विक्रेता है, छावनी परिषद द्वारा विस्थापित परिवार के द्वारा ही सब्जी बेचने का कार्य किया जा रहा है। डेली मार्केट के अंदर विभिन्न क्षेत्रों से किसान अपना सब्जी बेचने के लिए डेली मार्केट में आते हैं, जिन्हें कैंट बोर्ड द्वारा जबरन हटाया जा रहा है जो उचित नहीं है। इस घटना को लेकर रामगढ़ किसान मजदूर फाउंडेशन ने डीसी और एसपी को एक पत्र लिखा है।

# कारगिल विजय दिवस पर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि

**सेवानिवृत्त सेना के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों सहित स्थानीय लोगों ने कारगिल में शहरी जवानों को श्रद्धांजलि दी**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** 25 वीं कारगिल विजय दिवस पर शुक्रवार को शहर के विकास नगर हरहरी नदी स्थित ब्लू प्लेनेट स्कूल में कारगिल विजय दिवस श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवानिवृत सेना के जवानों और उनके परिवार के सदस्यों सहित स्थानीय लोगों ने कारगिल में शहरी जवानों को श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सेवानिवृत सैन्य जवान रंजन फौजी ने कहा कि देश में किसी भी सेवा से बड़ी राष्ट्र की सेवा होती है। एक सैनिक अपना घर परिवार छोड़कर सरहद पर अपनी ड्यूटी करता है। जिससे भारतीय नागरिक अपने घर में चैन की नींद सो सके। कारगिल युद्ध में भारतीय सैनिकों ने अभूतपूर्व वीरता का परिचय देते हुए दुनिया की कठिनतम लड़ाई में दुश्मनों को खदेड़कर विजय प्राप्त किया। वही, पूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यप ने कहा कि कारगिल युद्ध के वक्त वे सुना के सिग्नल कोर में तैनात थे। उन्होंने युद्ध में अपना भी महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी पत्नी उस समय जम्मू कश्मीर के बेस कैंप में थी। वहां वे प्रतिदिन भारतीय सेवा के विजय की प्रार्थना करती थी। संबोधन के बाद कारगिल विजय दिवस पर ब्लू प्लेनेट स्कूल के बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मौके पर सेवानिवृत फौजी बृज बिहारी सिंह यादव, राम टहल महतो, कारगिल योद्धा चतुर्भुज कश्यप, रामप्रसाद सिंह, सुधाकर सिंह, चंद्रशेखर ठाकुर, अरविंद सिंह, अरविंद महतो, मातृ शक्ति अध्यक्ष बबीता सिंह, उपाध्यक्ष ममता कुमारी, संजू प्रसाद के अलावे कई बच्चों के माता-पिता शामिल थे।

### भाजयुमो ने निकाला मशाल जुलूस



**रामगढ़।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वावधान में शुक्रवार को 25 वीं कारगिल विजय दिवस के पूर्व संध्या को तिरंगों के साथ मशाल जुलूस जुलूस निकाला गया। मशाल जुलूस शहर के गांधी चौक से होते हुए रामगढ़ सुभाष चौक पहुंचकर कारगिल के वीरो को श्रद्धांजलि देकर अपने वीर शहीदों को याद कर दीप प्रज्ज्वलित की गयी और कार्यक्रम का समापन पूर्व सैनिक रंजन फौजी, ब्रजबिहारी सिंह यादव, रामटहल महतो, दिनेश कुमार यादव, अरविंद यादव को अंग वस्त्र और पुष्प देकर सम्मानित किया गया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष और संचालन महामंत्री राजेश सोनी ने किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश मंत्री पूजा सिंह, प्रहलाद पांडे, नीरज सिंह, अंजू ठाकुर, संजय अग्रवाल, धीरेंद्र साव, त्रिलोकी गिरी, राहुल सिंह, गणेश ठाकुर, ऋषिकेश सिंह, शीतल सिंह, तरुण साव, राजीव रंजन, प्रवीण कुमार सोनू, सुमित कुमार, शशि शेखर सिंह, राकेश सिंह, आकाश गुप्ता, मनीष कुमार, मनोज कुमार आदि उपस्थित थे।

## डीएवी आरा ने मनाया कारगिल विजय दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएवी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, आरा में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में कई कार्यक्रम बच्चों द्वारा प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर सातवीं कक्षा का छात्र अनिर्बान मुखोपाध्याय ने देशभक्ति पर आधारित कवितावाचन किया। वही, जय श्री मुखोपाध्याय और सौम्या मिश्रा ने देश भक्ति गीत की प्रस्तुति की। सृष्टि श्रीवास्तव ने कारगिल युद्ध में मारे गये सैनिकों की संक्षिप्त कहानी बताया। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों ने सैनिक ड्रेस पहनकर देश रक्षा की कसम खायी। इस अवसर पर बच्चों के बीच कारगिल विजय दिवस से संबंधित क्विज का भी आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य आलोक कुमार ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की रक्षा करना हम सभी भारतीयों का कर्तव्य है। देश भक्ति की भावना कभी कम नहीं होनी चाहिए। मंच का संचालन अंकिता नारायण ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनान में रश्मि झा और सकला अंजू बरियार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## छोटानागपुर कॉलेज में मना कारगिल विजय दिवस



**कुजू (आजाद सिपाही)।** छोटानागपुर कॉलेज रामगढ़ मे कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शहीद स्थल पर शहीदों का नमन कर मोमबत्ती जलाकर और पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शीतल कुमारी और दीपक कुमार ने किया। कॉलेज के कैडेट द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति की गयी। साथ ही, स्वागत गान, नाटक सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेंटिंग और लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सफल प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कॉलेज सचिव राजू चतुवेर्दी, प्राचार्य डॉ अवधेश मिश्रा, एनसीसी के लेफ्टिनेंट जगेश्वर महतो, ट्रेनिंग जेसीओ सुरेंद्र कुमार, डॉ कुसुम विनीता कुमारी, डॉ सुनील यादव, गीता सिंह, डॉ शशिकांत बाजपेई के अलावे दर्जनों कैडेट्स व शिक्षक विद्यार्थी शामिल रहे।

## सेना ने बच्चों के साथ मनाया कारगिल विजय दिवस




**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** 25वीं कारगिल विजय दिवस पर पंजाब रेजिमेंटल सेंटर ने शुक्रवार को मुर्रामकला स्थित डिवाइन ओंकार मिशन के बच्चों के साथ रजत जयंती मनायी। इस दौरान पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के द्वारा सभी बच्चों के बीच कपड़े, किताबें, जूते, खिलौने और खाद्य सामग्री का वितरण किया। मौके पर पंजाब रेजिमेंटल सेंटर के कमांडेंट ब्रिगेडियर संजय चंद्र कांडपाल ने बताया कि इस प्रकार के प्रयास सभी को करने चाहिए, जिससे बच्चों को खुशी हो।


## जेएम कॉलेज में मना कारगिल विजय दिवस



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** कारगिल युद्ध के 25वें विजय दिवस के अवसर पर पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एक के तत्वावधान में कारगिल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ गिरधर पाठक और कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह देश के वीर शहीदों के तस्वीर पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर गई। मौके पर प्राचार्य डॉ गिरधर पाठक व कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह ने कहा कि सीमा पर तैनात जवान अपना सबकुछ छोड़ देश की सुरक्षा के लिए अपनी जान तक गवां बैठते हैं। इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाये कम है। कहा गया कि सैनिकों का सम्मान करना गौरव की बात है। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ अरविंद सिंह, डॉ अरुणजय, प्रो विजय मिश्रा, प्रो नीला सिंह, डॉ प्रमोद सिंह, प्रो अनुज सहित तनीषा, खुशी, अंजू, तान्या, नंदिनी, आदित्य, कमलेश, सचिन, अमर, पूर्व स्वयंसेवक विक्रम सहित दर्जनों विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

## भारतीय सेना की वीरता, शौर्य और पराक्रम का प्रतीक है कारगिल विजय दिवसः उमेश प्रसाद





**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में शुक्रवार को 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पण करके किया। इस अवसर पर प्राचार्य उमेश प्रसाद ने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही गौरवशाली और महत्वपूर्ण दिन है। आज ही के दिन भारत ने पाकिस्तान को पराजित किया था। भारत और पाकिस्तान के बीच यह युद्ध 1999 में कारगिल में हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ। कारगिल विजय दिवस सेना के वीर जवानों के शौर्य के अटूट संकल्प का प्रतीक है। कारगिल के युद्ध में वीर जवानों ने हिमालय की दुर्गम पहाड़ियों में पराक्रम की पराकाष्ठा का परिचय देते हुए दुश्मन की सेना को घुटने टेकने पर मजबूर किया और कारगिल में पुनः तिरंगा लहराकर देश को गौरवान्वित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मिथिलेश कुमार खन्ना, बचूलाल तिवारी, राकेश सहाय, अनिल कुमार, अक्षय सिंह, दिलीप सिंह, सत्येन्द्र मिश्रा, दुर्गा प्रसाद, अमरदीप नाथ शाहदेव, शशि कांत, इंद्रजीत सिंह, रेखा पत ःक, गायत्री पाठक, रिंकी कुमारी, ललिता गिरी आदि की प्रमुख भूमिका रही।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in



# रॉयल्टी से जुड़े मामले में राज्यों की जीत

सुप्रीम कोर्ट ने माइंस एंड मिनरल्स (डिवेलपमेंट एंड रेग्युलेशन) यानी एमएमडीआर एक्ट, 1957 के तहत रॉयल्टी से जुड़े एक अहम मामले में फैसला दिया है कि इसे टैक्स नहीं माना जा सकता। इस फैसले के मुताबिक राज्यों को खनिज और खनिज वाली जमीनों पर केंद्र द्वारा ली जाने वाली रॉयल्टी के अतिरिक्त भी टैक्स लगाने का अधिकार है। केंद्र और राज्यों के अधिकारों से जुड़े इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 1989 में दिये अपनी संविधान पीठ के फैसले को गलत करार दिया है। सात जजों की बेंच ने उस फैसले में खदान और खनिजों के विकास से जुड़े मामलों में टैक्स लगाने का अधिकार केंद्र का बताया था। स्वाभाविक ही, पहली नजर में नौ जजों की बेंच के बहुमत से दिए गए ताजा फैसले को केंद्र सरकार के लिए झटका बताया जा रहा है। लेकिन इस फैसले के निहितार्थ काफी दूर तक जाते हैं। जहां तक राज्य और केंद्र के अधिकारों की हदों का मामला है तो ताजा फैसला निश्चित रूप से कई राज्य सरकारों के लिए बड़ी राहत बन कर आया है। इस फैसले के कारण अब राज्य सरकारों को राजस्व का एक नया स्त्रोत मिल गया है। इससे जहां उनकी आमदनी बढ़ेगी, वहीं नयी कल्याणकारी योजनाएं शुरू करने और राज्य के विकास को तेज करने वाले कदम उठाने के मामले में केंद्र पर निर्भरता कम हो जायेगी। खास कर ओडिशा, झारखंड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसे खनिज संसाधनों से संपन्न राज्य इस मामले में ज्यादा फायदे की स्थिति में रह सकते हैं। सबसे बड़ा सवाल यह है कि विभिन्न राज्य सरकारें जब अपने इस अधिकार का इस्तेमाल करने लगेंगी, तब उसका असर व्यवहार में किस तरह से सामने आयेगा। इसका ठीक-ठीक अंदाजा तो तभी होगा, जब राज्य सरकारों के फैसले सामने आयेंगे और लागू होने लगेंगे। फिर भी इस आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता कि विभिन्न राज्य अपनी जरूरतों के मुताबिक जो अतिरिक्त टैक्स लगायेंगे उससे तमाम खनिज पदार्थों की कीमतें बढ़ेंगी और इसका सीधा असर उन सभी उत्पादों की लागत पर पड़ेगा, जिनके उत्पादन में ये खनिज पदार्थ कच्चा माल के रूप में इस्तेमाल होते हैं। राज्यों में अलग-अलग टैक्स दरों के चलते इन पदार्थों की कीमतों में राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल बनाये रखना भी चुनौतीपूर्ण साबित हो सकता है। अच्छी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने कानून की व्याख्या करते हुए संविधान में निहित संघवाद की भावना को ध्यान में रखा है और राज्यों के अधिकारों को संरक्षित करने पर जोर दिया है। शुरुआती चुनौतियों के बावजूद उम्मीद की जानी चाहिए कि यह फैसला देश में केंद्र और राज्यों के बीच संबंधों को संतुलित करने में मददगार साबित होगा।

**अच्छी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने कानून की व्याख्या करते हुए संविधान में निहित संघवाद की भावना को ध्यान में रखा है और राज्यों के अधिकारों को संरक्षित करने पर जोर दिया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

कारगिल विजय दिवस 1999 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की याद में मनाया जाता है। 1999 में मई और जुलाई के महीनों के बीच लड़ा गया कारगिल युद्ध भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसने भारतीय सशस्त्र बलों के अटूट दृढ़ संकल्प और अदम्य भावना को प्रदर्शित किया। पूरी दुनिया में भारत को अपने साहस और वीरता के लिए जाना जाता है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ता भी किसी से छिपा नहीं है। कारगिल युद्ध वह लड़ाई थी, जिसमें पाकिस्तान सेना ने द्रास-कारगिल की पहाड़ियों पर कब्जा करने की कोशिश की थी। कारगिल युद्ध पाकिस्तान के गलत इरादों का सबूत है।

# कारगिल विजय दिवस के शहीदों को नमन

**तरुण चुघ और प्रेम कुमार धूमल**



भारतीय इतिहास में कई ऐसी तारीखें हैं, जो भारत के लोगों के मन में हमेशा विद्यमान रहती हैं। 26 जुलाई की तारीख भी वह ऐतिहासिक तारीख है, जो हर भारतीय के लिए गर्व का दिन है। 26 जुलाई 1999 को वीर भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तानी सेना एवं सरकार को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। यह दिन आज भी भारतीय इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इस बार भी भारत देश कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। 26 जुलाई भारतीय सैनिकों का दिन है, क्योंकि यह कारगिल युद्ध के दौरान शहीदों की वीरता को बयां करता है।

कारगिल विजय दिवस 1999 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की याद में मनाया जाता है। 1999 में मई और जुलाई के महीनों के बीच लड़ा गया कारगिल युद्ध भारत के इतिहास में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसने भारतीय सशस्त्र बलों के अटूट दृढ़ संकल्प और अदम्य भावना को प्रदर्शित किया। पूरी दुनिया में भारत को अपने साहस और वीरता के लिए जाना जाता है, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच रिश्ता भी किसी से छिपा नहीं है। कारगिल युद्ध वह लड़ाई थी, जिसमें पाकिस्तान सेना ने द्रास-कारगिल की पहाड़ियों पर कब्जा करने की कोशिश की थी। कारगिल युद्ध पाकिस्तान के गलत इरादों का सबूत है।

**आज कारगिल और द्रास के क्षेत्र, जिन्हें हम सब गर्व से भारत का अंग बताते हैं, उन शहीदों की देन हैं, जिन्हें हम हर वर्ष विजय दिवस पर श्रद्धांजलि देकर अपना आभार व्यक्त करते हैं।**

पाकिस्तान के तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ ने भारत की सीमाओं में आने की कोशिश की थी, लेकिन भारत ने बहादुरी से लड़ाई लड़ी और पाकिस्तान को पराजित कर एक बार फिर अपनी ताकत का एहसास दुनिया को करा दिया। भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान को सबक सिखाते हुए भारत के शौर्य और सामर्थ्य का एहसास पूरी दुनिया को कराया। वहीं पाकिस्तान के साथ हमदर्दी दिखाने वाली महाशक्तियों ने जब पाकिस्तान हमले की बात कही तो श्रद्धेय अटल ने दो टूक लहजे में ऐसा करारा जवाब दिया कि बोलती बंद हो गयी थी। उस समय दुनिया ने भारत की आन, बान और शान को देखा। कारगिल युद्ध में पाकिस्तान की करारी हार के साथ ही उसकी विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया। इस युद्ध में भारत ने भी अपने कई वीर योद्धाओं को खोया था और उनका बलिदान इस देश के लिए एक मिसाल बन गया। देश इन सपूतों के बलिदान को कभी नहीं भूल सकेगा। इसलिए हर साल 26 जुलाई को हम कारगिल विजय दिवस मानते हैं।

जब से भारत-पाकिस्तान अलग हुए तो तभी से पाकिस्तान की मंशा और हरकत भारत के लिए ठीक नहीं रही। वे कश्मीर पाने के लिए हमेशा घुसपैठ के अलग-अलग तरीके अपनाते रहते हैं। कारगिल युद्ध का कारण बनने वाले तरीकों में से एक भारत की सीमाओं में प्रवेश करने का प्रयास कुत्सित था। पूर्व की भांति इस बार भी पाकिस्तान विश्वासघात करेगा, इस इरादे से भारत अनजान था, लेकिन इसकी भनक लगते ही भारत ने तुरंत गश्त कर दी। इस गश्ती टीम पर हमले से उस इलाके में घुसपैठियों की मौजूदगी का प्रमाण मिल गया। पहले तो घुसपैठियों को जिहादी मान कर खदेड़ने के लिए सैनिक भेजे, लेकिन प्रतिद्वंद्वियों के जवाबी हमलों और एक के बाद एक कई इलाकों में घुसपैठियों की मौजूदगी की खबरों के बाद भारतीय सेना को यह समझते देर नहीं लगी कि यह वास्तव में एक योजनाबद्ध और बड़े पैमाने पर घुसपैठ थी, जिसमें न केवल जिहादी, बल्कि पाकिस्तानी सेना भी शामिल थी। इसे समझते हुए भारतीय सेना ने ऑपरेशन विजय शुरू किया, जिसमें 30 हजार भारतीय सैनिक शामिल थे।

1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में लगभग 500 से अधिक भारतीय सैनिक मारे गये थे और 1300 सैनिक घायल हुए। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद इस युद्ध को सबसे भयानक माना जाता है। इसके बावजूद सैनिकों ने भारत माता के मस्तक को झुकने नहीं दिया और पाकिस्तानी सैनिकों को रौंदते हुए कारगिल की चोटी पर तिरंगा फहरा दिया था। इस दिन को याद कर आज भी हर भारतीय का सीना गर्व से फूल जाता है। इतने संघर्षों के बाद हमने लड़ाई जीती और अपनी जीत का झंडा फहराया। कारगिल विजय दिवस भारतीय इतिहास के पन्ने में दर्ज है। इस दिन को हर भारतीय बड़े गर्व के साथ मनाता है।

यही वह दिन है, जब भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना के छक्के छुड़ा दिये थे और घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया था। भारत-पाकिस्तान का यह युद्ध ऐतिहासिक माना जाता है। अपने प्राणों की आहुति देने वाले उन विशेष सैनिकों की याद में 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में हम भारतवासी हर साल बड़े सम्मान और गर्व के साथ मनाते हैं। इस ऑपरेशन के नाम के अनुसार 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस घोषित किया गया ताकि आने वाली पीढ़ियां भी उन देशभक्तों की वीरतापूर्ण कहानियों के बारे में जानें और उन वीरों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित कर सकें।

आज कारगिल और द्रास के क्षेत्र, जिन्हें हम सब गर्व से भारत का अंग बताते हैं, उन शहीदों की देन हैं, जिन्हें हम हर वर्ष विजय दिवस पर श्रद्धांजलि देकर अपना आभार व्यक्त करते हैं। भारत में कारगिल युद्ध की जीत का स्मारक बनाया गया है, जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रति वर्ष इस तारीख को जाकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। युद्ध की जीत की याद में कारगिल विजय दिवस भारत के सभी हिस्सों में मनाया जाता है तथा लोग युद्ध के सैनिकों और शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाती है।

स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में कुछ सामाजिक और सांस्कृतिक समारोह भी आयोजित किये जाते हैं, ताकि उन वीर सपूतों को याद किया जाये। भारत का बच्चा-बच्चा युद्ध और उसके भारत के पक्ष में हुए गौरवशाली परिणाम के बारे में जान सकें। इस दिन पूरा भारत हमारे सैनिकों की वीरता और बलिदान को नमन करता है। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के सामर्थ्य, सैनिकों का मनोबल भी बढ़ाया। आज हर भारतीय को अपने सैनिकों पर गर्व है।

## जमशेदपुर की खबरें

# सुरदा कॉपर माइंस को मिला एनवायरनमेंटल क्लियरेंस

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**घाटशीला।** सांसद विद्युतवरण महतो के प्रयास से भारत सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने एचसीएल-आईसीसी की सुरदा माइंस के एनवायरमेंट क्लियरेंस को मंजूरी प्रदान कर दिया है। वन और पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने गुरुवार को एनवायरमेंट क्लियरेंस की फाइल को स्वीकृति प्रदान कर दिया। उम्मीद है कि कुछ दिनों के भीतर यह अपलोड हो जायेगा। सुरदा माइंस के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को पहले ही मंत्रालय की हरी झंडी मिल चुकी है। ऐसे में सुरदा माइंस के दोबारा चालू होने का मार्ग ही क्लियर हो गया है। जाहिर है कि इससे कंपनी प्रबंधन के साथ ही ताम्रकर्मियों ने राहत की सांस ली है। मालूम हो कि गुरुवार की सुबह ही सांसद विद्युतवरण महतो ने केंद्रीय वन व पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव और विभागीय सचिव लीना नंदन से दिल्ली में मुलाकात कर एचसीएल-आईसीसी की सुरदा माइंस को एनवायरमेंट क्लियरेंस (ईसी) प्रदान करने की मांग किया था। उन्होंने कहा था कि मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र स्थित एचसीएल-आईसीसी की सुरदा माइंस बीते चार वर्षों से तकनीकी कारणों से बंद है। माइंस बंद होने से बड़ी संख्या में इस क्षेत्र के मजदूर बेरोजगार हो गये है। उन्होंने कहा कि सुरदा माइंस के 388.52 हेक्टेयर जमीन में से ही 65.52 हेक्टेयर जमीन के फॉरेस्ट क्लियरेंस स्टेज-वन को हाल ही में मंत्रालय के द्वारा मंजूरी प्रदान की गई है जिससे सुरदा माइंस में पुनः प्रोडक्शन शुरू होने की उम्मीद जगी है। सांसद ने विभागीय मंत्री और सचिव से सुरदा माइंस को दोबारा संचालित करने के लिए फॉरेस्ट क्लियरेंस के साथ एनवायरमेंट क्लियरेंस को भी आवश्यक बताते हुए कहा था कि यह फिलहाल प्रक्रियाधीन है, जिसे जल्द कंप्लीट करना जरूरी है। उन्होंने कहा था कि सुरदा माइंस में दोबारा प्रोडक्शन के शुरू होने से मुसाबनी कन्संट्रेटर प्लांट भी संचालित हो सकेगा। ऐसे में हजारों मजदूरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकेंगे जिसका सकारात्मक परिणाम कम्पनी की वित्तीय स्थिति पर देखने को मिल सकेगा। सांसद ने केंद्रीय मंत्री और सचिव से मांग किया था कि जनहित में रोजगार के अवसर पैदा करने और क्षेत्र की खुशहाली को ध्यान में रखते हुए यथाशीघ्र एचसीएल-आईसीसी की सुरदा माइंस के एनवायरमेंट क्लियरेंस को मंजूरी प्रदान किया जायें। सांसद विद्युतवरण महतो के आग्रह पर केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने देर शाम सुरदा माइंस के एनवायरमेंट क्लियरेंस को स्वीकृति प्रदान कर दिया है जिससे माइंस के जल्द चालू होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। सांसद प्रतिनिधि दिनेश साव ने बताया कि सांसद के लगातार प्रयास का ही नतीजा है कि केंद्रीय मंत्री ने फाइल को इतनी जल्दी मंजूरी प्रदान किया है।

# जलमीनार की मरम्मत जल्द होगी : समीर मोहंती



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बहरागोड़ा।** पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोडा विधानसभा क्षेत्र में दौरा के क्रम में विधायक समीर मोहंती बनकाटा पंचायत के बेन्दा गांव पहुचे। जहा ग्रामीणों ने बीते 3 साल से जलमीनार खराब होने की जानकारी दी। ग्रामीणों ने बताया बेन्दा गांव में लगभग 30 परिवार के 160 लोग निवास करते हैं। जलमीनार खराब होने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एक चापाकल से 3 बस्ती के ग्रामीण पानी लेते हैं। ग्रामीणों की समस्या संज्ञान में आते ही विधायक ने तत्काल विधायक निधि से जल मीनार में मोटर लगाने का निर्देश जारी कर दिया। उन्होंने कहा राज्य में हेमंत सरकार एक-एक जनता तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों से ज्यादा से ज्यादा लोगो को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर झामुमो नेता मदन मन्ना,मुन्ना होता,सुभम राना, मिथुन कर ,मुखिया चैतान मुंडा,मुखिया पुरुसत्तम मुंडा,दसरथ माईती, देवाशीष पैरा, शीतल हेंब्रम,अमित कुइला, संजीव मंडी,मिथुन कर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# मुसाबनी में नव पदस्थापित अंचल अधिकारी ने किया पदभार ग्रहण



मुसाबनी (आजाद सिपाही)। पलामू विश्रामपुर से स्थानांतरित होकर आए नए अंचल अधिकारी संतोष कुमार ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा ने उन्हें कागजी प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद पदभार सौंप दिया। इससे पूर्व अंचल कार्यालय पहुंचने पर नव पदस्थापित अंचल अधिकारी संतोष कुमार का अंचल कर्मियों सीआई शरद चंद्र बेरा, दुर्गा चरण बोईपाई, कन्हाई लाल हंसदा, कृष्णा चौधरी, उमेश महाली, आशीष, विशाल मार्डी द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया गया, संतोष कुमार इससे पूर्व विश्रामपुर पलामू में अंचल अधिकारी के पद पर पदस्थापित थे। वह घाटशिला अंचल में भी सीआई के पद पर कार्य कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि मुसाबनी अंचल क्षेत्र में भूमि संबंधी जो भी मामले लंबित है, उनका निष्पादन किया जायेगा। साथ ही लंबित सभी सर्टिफिकेट के मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित कर दिया जायेगा।

# संजीव सरदार ने स्कूली शिक्षा और साक्षरता मंत्री से की मुलाकात



पोटका (आजाद सिपाही)। पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के मंत्री बैधनाथ राम से मुलाकात की। शुक्रवार को मुलाकात के दौरान विधायक संजीव सरदार ने एक मांग पत्र सौप कर झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा-2024 में जनजातीय भूमिज भाषा को शामिल शामिल करने की मांग की। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि झारखंड अधिविद्य परिषद रांची के द्वारा विज्ञापन के तहत शिक्षक पात्रता परीक्षा 2024 के लिये ऑनलाइन आवेदन लिया जा रहा है। जिसमे उल्लेख किया गया 15 भाषाओं मे से किसी एक भाषा की परीक्षा देना अनिवार्य होगा, लेकिन उक्त भाषाओं की सूचि मे भूमिज भाषा को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि भूमिज भाषा झारखंड की जनजातीय भाषा है।चार प्रमुख जनजातीय भाषा मे पांचवा स्थान में भूमिज आता है। जिसका जनसंख्या लगभग तीन लाख के करीब है। भूमिज जनजाती के लोग झारखंड के पूर्वी सिंहभूम, सरायकेला खरसांवा,पश्चिमी सिंहभूम जिले में निवास करते है। लेकिन 2023 के बाद किसी भी परीक्षा मे भूमिज भाषा को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने शिक्षक पात्रता परीक्षा-2024 मे त्वरित कार्रवाई करते हुये भूमिज भाषा को शामिल करने के लिए मंत्री से आग्रह किया। जानकारी मिलने पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुये विधि और कार्मिक विभाग को पत्र भेजने का निर्देश दिया। मौके पर भूमिज समाज के हिकीम सरदार, फूलचंद सरदार, ईश्वर लाल सरदार सहित अन्य शामिल रहे।

# रासायनिक रिसाव से 50 एकड़ धान की फसल बर्बाद

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**बाहरगोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के खेड़ुआ पंचायत के हुदली, जयपूरा, मारागाड़िया, तुबलि समेत अन्य क्षेत्रों के करीब 50 एकड़ खेत में लगी धान की फसल ग्लोबस स्पिरिट लिमिटेड कंपनी से निकले जहरीले रसायन के कारण बर्बाद हो गई है। किसानों को इस नुकसान से लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों बादल महापात्रा, सुजीत पाल, पंकज पाल, असीम पाल, माणिक महापात्रा, अनिल महापात्रा, जितेंद्र सिंह, अजय पाल, संजय पाल, डाकू महापात्र, अभिजित दास, ततन पाल, रसिक दास,खखन सिंह,विश्वनाथ प्रधान,सुकुमार सिंह, बादल सिंह ,मानिक सिंह आदि ने पूर्व विधायक कुणाल सारंगी को इसकी जानकारी दी। कुणाल सारंगी ने किसानों के साथ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया और स्थिति की गंभीरता को समझा। किसानों ने बताया कि जहरीले रसायन के कारण न केवल धान की फसल जल गई है, बल्कि पानी भी जहरीला हो गया है। किसी भी महिला मजदूर या किसान को खेत में काम करने के लिए पानी में उतरने पर गंभीर खुजली की समस्या हो रही है, जिससे खेती करना असंभव हो गया है। किसानों ने चिंता जताई है कि यदि खेती नहीं की गयी, तो उनकी आजीविका पर संकट आ जायेगा। पूर्व विधायक कुणाल सारंगी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा धान कि कोटरा कहे जाने वाले किसानों की परेशानी केवल मुआवजा देने से हल नहीं होगी। कंपनी को इसका स्थायी समाधान निकालना चाहिए। हम उद्योग के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन यदि किसानों की आजीविका खतरे में पड़ी, तो इस उद्योग को चलने नहीं दिया जाएगा। कुणाल सारंगी ने कंपनी को एक सप्ताह के भीतर उचित मुआवजा तय करने और 48 घंटे के भीतर भुगतान करने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा, कंपनी के प्रतिनिधि गांव में आकर किसानों से बातचीत करें और मुआवजा तय करें। यदि भविष्य में फिर से रासायनिक रिसाव होता है, तो कंपनी को बंद कर दिया जाएगा। ग्लोबस स्पिरिट लिमिटेड कंपनी हर बार बारिश के समय अपने अंदर रखे केमिकल को पानी के साथ बहा देती है, जिससे किसानों के खेतों में दुर्गंध और फसल का नुकसान होता है। किसानों के अस्तित्व को खतरे में डालने वाली इस कंपनी के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने की चेतावनी देते हुए, कुणाल सारंगी ने कहा कि कंपनी को किसानों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी और तत्काल उचित मुआवजा देना होगा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### जागरूकता और सतर्कता ही आपको साइबर अपराध से बचा सकती है : पुलिस निरिक्षक



रंका (आजाद सिपाही)। पुलिस निरिक्षक सह रंका थाना प्रभारी प्रवीण कुमार के द्वारा शुक्रवार को राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय रंका में कक्षा 11 वीं और 12 वीं के छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा, डायन कुप्रथा, साईबर अपराध, मानव तस्करी आदि की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। उन्होंने स्कूली छात्र छात्राओं को 1 जुलाई 2024 से लागू न्यू क्रिमिनल लॉ की भी जानकारी दी गई। पुलिस निरिक्षक द्वारा बताया गया कि जागरूकता और सतर्कता ही आपको अन्य अपराधों के अलावा साईबर अपराध से भी बचा सकता है। इसलिए खुद भी सतर्क रहें और अपने आस पास पड़ोस के लोगों को भी सतर्क करें।

### अभिजीत कमल बने झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के महासचिव



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गढ़वा जिला युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अभिजीत कमल को युवा काग्रेस के झारखंड का प्रदेश महासचिव मनोनीत किया गया है। झारखंड प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अभीजित राज ने अभिजीत कमल को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया है।दायित्व मिलने के बाद अभिजित कमल ने युवाओं से अह्वान करते हुए कहा कि काग्रेस पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो समाज के सभी वर्ग के शिक्षित और जागरूक युवाओं को राजनीति करने के अवसर प्रदान करती है। इसलिए अब संगठन में शिक्षित और जागरूक युवाओं को अपने कंधों पर संगठन और राजनीति की जिम्मेदारी लेने की जरूरत है ताकि वह समाज, राज्य और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दें।

### किसानों को मिला प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण




गढ़वा (आजाद सिपाही)। जिले में पलास (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी) के तत्वावधान में 22 जुलाई से चल रहे पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ। प्रशिक्षण में किसानों को प्राकृतिक कृषि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में गढ़वा जिले के रामकंडा, कांडी एवं केतार प्रखंड से आजीविका कृषक सखी सामिल हुए। मास्टर ट्रेनर सह लाइवलीहुड एक्सपर्ट श्री प्रभात रंजन द्वारा पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण को संचालित किया गया। इस प्रशिक्षण में मेराल प्रखंड की सोनी कुमारी को चैंपियन किसान के रुप में रखा गया। प्रशिक्षण के दौरान गढ़वा जिले के जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुशील दास, डीएम लाइवलीहुड जूलियस तिर्की, ललिता कुमारी, सुनीता कुमारी, ममता देवी एवं अन्य कृषक सखी मौजूद थे।

### ग्रामसभा को रद्द करने की मांग की



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर पंचायत समिति सदस्य सह विधायक प्रतिनिधि चंदन कुमार ठाकुर ने भवनाथपुर पंचायत में पिछले 21 जुलाई को अबूआ आवास को लेकर हुए ग्रामसभा को रद्द कर पुनः नयी तिथि निर्धारित कर ग्रामसभा कराने की मांग प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम को आवेदन देकर की है। आवेदन में पंचायत समिति सदस्य चंदन कुमार ठाकुर ने लिखा है कि पिछले 21 जुलाई को सात हजार के आबादी वाले भवनाथपुर पंचायत के ग्राम सभा में मात्र 100-200 लोग ही पहुंचे थे। जिस से अधिकतर आवास के योग लाभुक दिव्यांग, विधवा, असहाय लाभुक आवास योजना से वंचित रह गए हैं। उपरोक्त ग्राम सभा को पुनः कराने के लिए ग्रामीणों द्वारा मांग की जा रही है। ग्रामीणों के हित में पुनः ग्रामसभा करायी जाये।

### परमेश्वर राम की इलाज के दौरान मौत

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर ढेकुलिया निवासी सह सेवानिवृत्त अंचल निरीक्षक परमेश्वर राम 66 वर्ष की निधन गुरुवार की रात ईलाज के दौरान रांची के रिम्स अस्पताल में हो गयी। वे कई माह से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार के सुबह शव भवनाथपुर पहुंचा। उनका दाह संस्कार रजदहवा नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। उधर उनकी निधन की खबर मिलते ही पंचायत के मुखिया बेबी देवी, पंसस चंदन ठाकुर, झारखंडी खतियान संघर्ष समिति के सदस्य सुरेश प्रसाद गुप्ता ग्रामीण कपिल चंद्रवंशी, कोयल राम, सूर्यकांत कुमार, प्रमोद राम आदि ने पहुंचकर शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।

### सोशल इनोवेशन ग्रुप ने किया पौधरोपण



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। सामाजिक संस्था सोशल इनोवेशन ग्रुप द्वारा शुक्रवार को संस्था के संस्थापक सदस्य सूर्य प्रकाश सिंह एवं प्रथम चौबे के नेतृत्व में भवनाथपुर प्रखंड अंतर्गत सिंदुरिया पंचायत भवन के प्रांगण में पौधारोपण एवं पौधा वितरण किया गया। इस मौके पर सिंदुरिया पंचायत के मुखिया नंदलाल पाठक ने कहा कि मेरा यह सौभाग्य है कि हमारे पंचायत भवन में पौधारोपण किया गया एवं पौधारोपण के लिए उत्सुक ग्रामीणों को फलदार एवं छायादार पौधों का वितरण भी किया गया। संस्था के संस्थापक सदस्य सुर्य प्रकाश सिंह एवं प्रथम चौबे ने बताया कि पिछले दस वर्षों से लगातार हमारा संस्था पर्यावरण संरक्षण एवं संतुलन के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। इस मौके पर वार्ड पार्षद विकास वियार, युवा समाजसेवी आनंद पासवान, अजीत गुप्ता, लल्लू साह, रामअवतार पासवान, लखन वियार, रविंद्र गुप्ता, मुन्ना उरांव ग्रामीण उपस्थित थे।

### दिव्यांग बच्चों की जांच सह उपकरण वितरण शिविर



भंडरिया (गढ़वा)। शुक्रवार को भंडरिया प्रखंड के संसाधन केंद्र में समावेशी शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चों का जांच सह उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया इस आयोजन मे एलिमको भुवनेश्वर के चिकित्सकों की टीम भंडरिया बिआरसी संसाधन केंद्र मे पहुंच चिकित्सकों साहित प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सीआरपी एवं शिक्षकों के द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया गया। साथ ही इस शिविर में भुवनेश्वर से आये चिकित्सकों के द्वारा इस शिविर में दिव्यांग बच्चों का जांच किया गया एवं आवश्यक उपकरण जैसे ट्राई साइकिल साहित सभी उपकारण का वितरण किया। इस मौके पर प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक रविशंकर कुमार, सीआरपी सत्यनारायण यादव, लेखपाल धनंजय गुप्ता शिक्षक रतन रंजन एवं नितेश वर्मा आदि उपस्थित थे।

## 25 करोड़ की लागत से नौ सड़कों का होगा निर्माण

# विकास विरोधियों का वजूद हो रहा है समाप्त : मिथिलेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र में लगभग 25 करोड़ रुपये की लागत से करीब 22 किलोमीटर लंबी नौ सड़कों का निर्माण किया जायेगा। झारखंड सरकार ग्रामीण कार्य विभाग ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत इन सड़कों का निर्माण किया जायेगा। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि झारखंड सरकार में नौ सड़कों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। शीघ्र ही टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ किया जायेगा। इसके तहत गढ़वा प्रखंड के ग्राम गांगी खुर्द में गिरिवर पांडेय के घर से बसंत तिवारी के घर तक एक करोड़, 14 लाख, 93 हजार 800 रुपये की लागत से की लागत से 1.200 किलोमीटर सड़क, एनएच 75 चेतना से मस्जिद होते हुए उड़सुगी रेलवे फाटक तक दो करोड़, 62 लाख, 19 हजार 100 रुपये की लागत से 2.670 किमी, मेराल प्रखंड में मंझिआव लिखनियां पीडब्ल्यूडी पथ सिगुल चौधरी के घर से औरैया ग्राम के लिखनिया टोला तक तीन करोड़ 25 लाख 51 हजार 400 रुपये की लागत से 2.9 किमी, रंका प्रखंड में एनएच 343 से झुमेलवा होते हुए इसराफिल अंसारी के घर एनएच 343 तक चार करोड़ 77 लाख 35 हजार 100 रुपये की लागत से 4.3 किमी, डंडा प्रखंड में मोतीहारा बाजार चौक से कोयल नदी पुल तक दो करोड़ 15 लाख 86 हजार 400 रुपये की लागत से 1.6 किमी, डंडा में स्व. शिवशंकर साव के घर से खदिया हरिजन टोला वाया जोगिया भंडारी तक दो करोड़ 60 लाख 100 रुपये की लागत से 2.06 किमी, भिखही मुख्य पथ से कोरियाडीह बस्ती तक एक करोड़ 90 लाख 4100 रुपये की लागत से 1.6 किमी, चिनियां प्रखंड में नकसीली से परसुखांड़ मुख्य पथ पर दो करोड़ 74 लाख 45 हजार 800 रुपये की लागत से 2.4 किमी तथा रमकंडा प्रखंड में रक्सी से ढुलवा सीवान तक तीन करोड़ आठ लाख 69 हजार 400 रुपये की लागत से 2.8 किमी सड़क का निर्माण किया जायेगा।

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि विकास विरोधी लोग जितना ज्यादा विरोध करेंगे, गढ़वा के विकास की गति उतनी ही ज्यादा तेज होगी। उन्होंने कहा कि गढ़वा में काफी तेज गति से चहुंमुखी विकास हो रहा है। इससे विरोधियों की बेचैनी बढ़ गयी है। मंत्री ने कहा कि ऐसे लोग चाहे जो हथकंडा अपना लें, परंतु आगामी विधानसभा चुनाव में जनता उन्हें फिर से मुंहतोड़ जवाब देगी।

# अवैध क्लीनिक संचालन के विरुद्ध हुई छापेमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** शुक्रवार को गढ़वा सीएस अशोक कुमार के द्वारा अवैध क्लीनिक और पैथोलॉजी सेंटर के विरुद्ध छापेमारी किये जाने की खबर से ही भवनाथपुर में अवैध तरीके से संचालित करने वाले कई क्लीनिक एवं पैथोलॉजी सेंटर के दुकानों का शटर धड़ाधड़ बंद हो गये। सीएस ने कहा कि बगैर दस्तावेज के संचालित क्लीनिकों पर जांचोपरांत कारवाई की जायेगी। पत्रकारों द्वारा पूछे गये सवाल के जबाब में कहा कि भवनाथपुर के संचालित हो रहे अवैध क्लीनिक, दवा दुकानों में बगैर डॉक्टर के ही इलाज किया जाना और बगैर लाइसेंस के गलत तरीके से संचालित हो रहे पैथोलॉजी सेंटर के संचालकों पर कारवाई की जायेगी। सीएस ने सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कर्मियों की उपस्थिति पंजी देखी। उन्होंने कर्मियों को समयानुसार कार्य करने की नसीहत दी। मौके पर अस्पताल के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार ने बताया कि सीएचसी अंतर्गत आधा दर्जन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उप स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम नहीं है, जिससे कार्य कराने में परेशानी हो रही है, जिस पर सीएस ने पूरे जिला में कर्मियों की कमी की बात कही। उन्होंने कहा इसी व्यवस्था में से एएनएम के बिना खाली पड़े प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरंगी और केतार में इस महीने के अंत तक एएनएम की प्रतिनियुक्त की जायेगी। वहीं सीएचसी में बंद पड़े एक्स-रे मशीन को सदर अस्पताल और मझिआंव सीएचसी के साथ ही सारी अड़चनों को दूर करके जल्द ही चालू करने का अश्वासन दिया। मौके पर सीएचसी के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक प्रदीप कुमार पाठक, लिपिक अरुण लकड़ा, सुनील पटेल, चंद्रशेखर प्रसाद आदि कर्मी उपस्थित थे।

# कारगिल युद्ध में लड़नेवालों को किया गया सम्मानित

## 25वां कारगिल विजय दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजयुमो एवं सैनिक प्रकोष्ठ ने संयुक्त रूप से 25वां कारगिल विजय दिवस जिला कार्यालय गढ़वा में मनाया। कार्यक्रम के दौरान कारगिल युद्ध में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। इस दौरान कारगिल युद्ध में लड़ाई लड़ने वाले गढ़वा के मरहटीया निवासी गौरी शंकर तिवारी को अंग वस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। पूर्व आर्मी गौरी शंकर तिवारी ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान देश के जवानों ने अपनी जान की बाजी लगाकर देश का रक्षा की थी।

भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश का चाल चरित्र को पूरे दुनिया के लोगों ने देखा। भाजपा जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि कारगिल युद्ध में लड़ने वाले जवान का सम्मान सदैव हृदय में रहेगा। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कारगिल युद्ध में शहीद जवान मां भारती के सच्चे सपूत थे जिसने देश के लिए अपना जीवन राष्ट्र को समर्पित कर दिया। सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय तिवारी ने कहा कि कारगिल युद्ध पाकिस्तानी साजिश का नतीजा था।

मौके पर फौजी अशोक तिवारी युगल किशोर तिवारी अभिमन्यु चौबे सुदामा प्रजापति विनय दुबे रामकुमार दुबे भाजपा नेता बृजेश उपाध्याय नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप अखिलेश तिवारी उदय कुशवाहा अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष नसरुद्दीन अंसारी भाजयुमो जिला महामंत्री विकास तिवारी टिंकू गुप्ता अनीत तिवारी ओमप्रकाश पासवान राजकुमार मधेशिया आदि मौजूद थे।

# सांसद वीडी राम ने पलामू और गढ़वा में उद्योग कल-कारखाना स्थापित करने का मामला उठाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** सांसद विष्णु दयाल राम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत क्रमशः पलामू एवं गढ़वा जिला में उद्योग, कल-कारखाना स्थापित करने संबंधित मामले को उठाया। संसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें यथा पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिलों की श्रेणी में आते है। आप जानते हैं कि आकांक्षी जिलों में आने का ही मतलब होता है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। पुरे झारखंड राज्य में मात्र यही एक (अनुसूचित जाति) के लिए सुरक्षित संसदीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में सबसे बडी समस्या रोजगार के अभाव में पलायन की है। इस मामले को मैं वर्ष 2014 से ही इस सदन में उठाते रहा हूं। परंतु आज तक एक भी उद्योग, कल-कारखाना नहीं लगा है। दुर्भाग्यवश एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी वह भी बंद हो चुकी है। यहॉ के लोग बडे पैमाने पर रोजगार के अभाव में दूसरें राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश है और पलायन कर रहे है। सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह है कि मेरा पुरा पलामू संसदीय क्षेत्र खनिज पदार्थों से भरपूर है यहॉ पर कोयला प्रचुर मात्रा में है। इसके अलावा ग्रेफाइट है, लाइम स्टोन है बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साइट है। ये बाक्साइट मेरे दोनों जिलों से होकर मिजार्पुर जाता है जहॉ अल्युमिनियम की फैक्ट्री लगी है, कोयला यहॉ से देश के थर्मल प्लांट में जाता है जो उस क्षेत्र में रौशनी देने का काम करता है जहॉ वह स्थापित है। गढ़वा जिला में भवनाथपुर थर्मल पावर प्लांट बनाने की जमीन भी उपलब्ध है, कोयला भी है, सोन नदी का पानी भी है, मानव संसाधन भी है सभी सुविधाएं उपलब्ध है। अल्युमिनियम का कारखाना भी लगाया जा सकता है इसके अलावा ग्रेफाइट की उपलब्धता और गुणवत्ता के अधार पर ग्रेफाइट आधारित उद्योग लगाया जा सकता है। लाइम स्टोन की बहुत सारी खदानें है जो अभी बंद पड़ी है उसे शीघ्रतिशीघ्र चालू किया जा सकता है। सांसद ने कहा कि आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूॅ कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत उद्योग, कल-कारखाना स्थापित कराने की कृपा की जाय, ताकि इस क्षेत्र में पलायन की समस्या को रोका जा सके।

## आरके पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस मनाया गया

# देश आज भारत मां के वीर सपूतों को नमन कर रहा है : अलखनाथ पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय आरके पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस के 25वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास से मनाया गया। कारगिल युद्ध के शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए पैट्रिवोटिक म्यूजिकल असेंबली आयोजित की गयी। इसके पूर्व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं के द्वारा शहीदों के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित करके उन्हें नमन व श्रद्धांजलि दी गयी।

इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने कहा कि शहीद कभी मरते नहीं,बल्कि अमर हो जाते हैं। उन्होंने पलामू के अमर सपूत शहीद युगंबर दीक्षित को याद करते हुए उनके बारे में प्रकाश डाला। म्यूजिकल असेंम्बली में विद्यार्थियों के द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति गानों की प्रस्तुति दी गयी।

सभी प्रतिभागियों में से कक्षा सात की छात्रा वैभवी मिश्रा 'आन बान और शान है तिरंगा हमारा' गाने के लिए प्रथम, तथा पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा आठ की छात्रा आरुषी प्रिया एवं छात्र नवीन पाल को संयुक्त रुप से प्रथम स्थान मिला,वहीं कक्षा सात की अनुष्का पांडेय और अक्षरा शिकरवार द्वारा इस अवसर पर कविता प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर नंदलाल गुप्ता, गीता पांडेय, अनिल सिन्हा, संजय कुमार, एसडी सिंह, श्वेता पांडेय, रश्मि शुक्ला, इम्तियाज खान, शिखा रानी उपस्थित थे।

### मुसलमानों के पिछड़ेपन पर जताया अफसोस

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के विभिन्न पंचायतों के 54 मुस्लिम नेताओं की बैठक रंका स्थित आफताब आलम के आवास पर हुई। इसमें सभी ने एक स्वर में मुसलमानों के सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन पर अफसोस जताया है। बैठक में मुसलमानों के उक्त सभी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर आफताब आलम ने बैठक को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि मुसलमानों के आर्थिक पिछड़ापन दूर करने की तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर अहमद अली, मुमताज रंगसाज, इरफान अंसारी, मुखिया जफर, मंजर अंसारी, मुख्तार अंसारी, महबूब अंसारी, यूसुफ अंसारी, कौसर अंसारी, मोबिन अंसारी, मौलाना सरफराज, नौशाद राय, औरंगजेब आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची (ग्रामीण)।
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना
नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग
ई–टेन्डर रेफरेंस नं0–प0नि0वि0/राँची (ग्रामीण)–05/2024–25
दिनांक :– 26.07.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | जोन्हा बाईपास पथ (कुल लम्बाई 1.60 कि0मी0) का राईडिंग क्वालिटी में सुधार (Improvement of riding quality) कार्य। |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में) | रु0 55.75 (पचपन लाख पचहत्तर हजार) मात्र। |
| 3. | अग्रधन की राशि (रू0 लाख में) | रु0 1.12 लाख (एक लाख बारह हजार) मात्र। |
| 4. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 45 दिन |
| 5. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.08.2024 10:30 बजे पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय | 14.08.202412:00 बजे दोपहर तक |
| 7. | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)। |
| 8. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 0651–2361018 |
| 9. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651–2403007 |

- प्राक्कलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तो के लिए http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, राँची(ग्रामीण)।

PR 330819 Road(24-25)D

### विपक्षी कर रहे फर्जी मुकदमा : भाजपा



केतार (आजाद सिपाही)। भाजपा केतार के एससी मोर्चा के जिला कार्य समिति सदस्य मनोज कुमार फौजी एससी मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार पासवान और विमलेश कुमार पासवान ने संयुक्त रूप से प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा है कि विधायक भानु प्रताप शाही के बढ़ते जनाधार को देख कर विपक्षी हताश हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि आवाज उठाना और मांग करना विपक्षियों का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि भानु प्रताप शाही ने कहीं भी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग नहीं किया है। बावजूद इसके गढ़वा के विधायक सह मंत्री मिथिलेश ठाकुर के इशारे पर कुछ लोगों द्वारा रमना थाना में एक सीधे-साधे आदिवासी भाई द्वारा विधायक भानु प्रताप शाही के ऊपर केस दर्ज कराया। इस तरह के कार्य की हम सभी कड़ी निंदा करते हैं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद,जीप सदस्य ज्वाला प्रसाद, प्रहलाद बैठा, रविंद्र सोनी सुदामा चौधरी, अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, गौरी शंकर बैठा,रमा बैठा और जोखू राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

**झारखण्ड सरकार**
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग), कार्यालयः जिला कृषि पदाधिकारी, खूँटी**

**किसान भाईयों के लिये आवश्यक सूचना**

खूँटी जिला के किसान भाईयों को सूचित किया जाता है कि विभिन्न अनुदानित उर्वरकों का कम्पनीवार प्रति बोरी **अधिकतम खुदरा मुल्य (MRP)** निम्न प्रकार है :–

| Sl. No. | Company | UREA Ind/Imp | DAP Ind/Imp | MOP | SSP (Powder) | Complex 20:20:0:13 (Ind) | 20:20:0:13 (Imp) | 16:16:16 | 14:28 | 14:28:14 | 28:28:00 | 12:32:16 | 10:26:26 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | IFFCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | 1200.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| 2 | NFL | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 3 | YARA | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 4 | KFL/KRIBHCO | 266.50 | 1350.00 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 5 | Indorama | 266.50 | 1350.00 | 1625.00 | 600.00 | 1225.00 | 1200.00 | - | 1350.00 | 1650.00 | 1700.00 | 1470.00 | 1470.00 |
| 6 | IPL | 266.50 | 1350.00 | 1655.00 | - | - | 1320.00 | 1375.00 | - | - | - | - | - |
| 7 | MATIX | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 8 | HURL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 9 | PPL | - | 1350.00 | 1655.00 | - | 1225.00 | - | - | - | - | - | - | - |
| 10 | SAI | - | - | - | 575.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 11 | BVFCL | 266.50 | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - | - |
| 12 | BEC | - | - | - | 580.00 | - | - | - | - | - | - | - | - |

नोटः– 1. युरिया की प्रति बोरी **45 कि0ग्रा0 पैक साईज** की होती है एवं शेष उर्वरकों की बोरी **50 कि0ग्रा0 पैक साईज** की होती है।
2. यदि किसी भी खुदरा विक्रेता द्वारा उक्त निर्धारित दर **(MRP)** से अधिक मुल्य पर उर्वरकों की बिक्री की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित प्रखण्ड के **प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक, जिले के जिला कृषि कार्यालय तथा संयुक्त कृषि निदेशक के कार्यालय में** इसकी शिकायत की जा सकती है।
3. यदि किसी विक्रेता द्वारा **जबरन अनुदानित उर्वरकों के साथ गैर अनुदानित उर्वरकों की बिक्री** की जाती है तो ऐसी स्थिति में संबंधित विक्रेता की अनुज्ञप्ति रद्द करते हुए उनके विरूद्ध **उर्वरक नियंत्रण आदेश, 1985** के तहत् सख्त कारवाई की जाएगी।

जिला कृषि पदाधिकारी,
खूँटी

PR 330786 Agriculture(24-25)#D

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# शिक्षक संघ ने एसपीडी निदेशक के बयान की निंदा की, विरोध हुआ शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई लोहरदगा ने एसपीडी निदेशक के उस बयान की घोर भर्त्सना और कड़ी शब्दों में निंदा किया है जिसमें उनके द्वारा शिक्षकों को चप्पल पहनने पर उनकी पिटाई करने की बात कही गयी है। इस वायरल विडियो में जिस प्रकार की अपमानजनक और शिक्षक की गरिमा के विरुद्ध असंसदीय भाषा का प्रयोग उनके द्वारा किया जा रहा है, वह घोर निंदनीय है। यह दशार्ता है कि राज्य की नौकरशाही शिक्षा व्यवस्था को चौपट करने पर किस कदर तुली हुई है। अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक 5 अगस्त 24 से राज्यव्यापी आंदोलन के तहत मुख्यमंत्री निवास के समक्ष आमरण अनशन की घोषणा कर चुकी है। इस आंदोलन में शिक्षकों के अपमान करने वाले अधिकारी को पदमुक्त करने की मांग मुख्यमंत्री से की जायेगी। परियोजना निदेशक के दो तीन वीडियो वायरल हुए हैं। वह शिक्षकों के प्रति विद्वेषपूर्ण एवम अपमानजनक टिप्पणी के विरोध में आंदोलनात्मक कार्यक्रम के तहत हम विभिन्न संवर्गों के सभी शिक्षक साथियों से अपील है कि एसपीडी निदेशक को मुंहतोड़ जवाब देने हेतु आज से हम अभी शिक्षक चप्पल पहनकर ही विद्यालय जायेंगे। जब तक एसपीडी निदेशक द्वारा माफी नहीं मांगी जाती है तब तक हम सब इस अभियान को अपना पूर्ण सहयोग देने के लिए कृत संकल्प रहेंगे। कार्यक्रम को अपनी चट्टानी एकता और दृढ़ संकल्प से मजबूती प्रदान करेंगे।

## एमएसीपी की मांग पर एकजुट हुए शिक्षक



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिला के खेल स्टेडियम में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 25 जुलाई 2024 को एक बैठक की गयी। बैठक में सर्वप्रथम एसपीडी कि गलत बोल शिक्षक को चप्पल से पीटने की अमर्यादित बयान की कड़ी भर्त्सना की गयी और बैठक में बेशर्म मरे हुए हंसते शिक्षकों की कड़ी निंदा करते हुए, एसपीडी हटाओ हमारी अस्मिता लौटाओ आंदोलन का निर्णय लिया गया। एमएसीपी राज्य के समस्त शिक्षकों का चीर-प्रतीक्षित मांग है। राज्य के सभी कर्मियों और बिहार राज्य के शिक्षकों की भांति प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों को नियमानुकूल 10, 20, 30 वर्ष में संवर्धित सुनिश्चित वृद्धि उन्नयन दिए जाने की मांग सरकार से एजेपीटीए विगत दशकों राजव्यापी आंदोलन के माध्यम से करते आ रहा है, फिर भी इस दिशा में सरकार से अब तक आश्वासन के अतिरिक्त कुछ हासिल नहीं हुआ। इसी के निमित्त अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर 5 अगस्त 2024 से राजभवन के समक्ष अपनी मांगे पूरी होने तक आमरण अनशन की घोषणा की गयी है, जिसमें जिले के सभी शिक्षक संगठनों से अनुरोध किया गया कि प्रस्तावित आमरण अनशन में संगठन से ऊपर उठकर शिक्षक हित में एक जुटता दिखाते हुए तन-मन धन से अपना समर्थन देते हुए आवाज दो हम एक हैं का शंखनाद एक स्वर बुलंद करें। अन्य प्रमुख मांगे छठे वेतनमान के वेतन निर्धारण में व्याप्त विसंगति का निराकरण। विभिन्न ग्रेडों में लंबित प्रोन्नति का निस्तारण। शिक्षण कार्य में एनजीओ का हस्तक्षेप पर रोक। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला अध्यक्ष अमूल्य रत्न द्विवेदी, जिला महासचिव अजय कुमार, नरेंद्र पांडेय जिला अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ, संतोष कुमार प्लस टू शिक्षक संघ, सुरेंद्र पासवान, किरानी उरांव, सुरेंद्र प्रसाद यादव, निर्मल कुमार राम, अमेरिका प्रसाद, कामिल नगेसिया, मुनेश्वर नगेसिया, निलेश कुमार, नीरज कुमार, शंकर पंडित समेत अनेकों शिक्षक उपस्थित होकर अपनी प्रतिबद्धता जाहिर किया।

## शिक्षकों के प्रति अशोभनीय भाषा निंदनीय : झापसा

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सुमन, उपाध्यक्ष मुमताज अहमद, महासचिव प्रेम प्रसाद राणा ने झारखंड शिक्षा परियोजना निदेशक के उस वक्तव्य की निंदा किया है, जिसमें शिक्षकों के प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों के प्रति अशोभनीय भाषा का इस्तेमाल किया गया था। संघ के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र सुमन ने कहा कि शिक्षक ताउम्र अनुशासन में रहकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करते हैं। परियोजना निदेशक से असंसदीय भाषा की कतई उम्मीद नहीं थी, जबकि अधिकारियों के सारे आदेश का अनुपालन शिक्षक करते हैं। एक तरफ विद्यालयों में आनंदमयी शिक्षा और बेहतर वातावरण के निर्माण की दुहाई दी जाती है और दूसरी ओर शिक्षकों को मारने पीटने की बात कहीं न कहीं शिक्षकों के मनोबल को कमजोर करने को दर्शाता है।

## करंट से मौत के बाद मृतक के परिजनों से मिलीं जिप अध्यक्ष रीना कुमारी



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम भिट्ठा में 11,000 वोल्ट करेंट की चपेट में आने से हुई मौत की सूचना पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी मृतक के परिजनों से मिलने भंडरा गयी। बताया गया कि सेटरे उरांव पिता - स्व. बुधराम उरांव की मौत करंट लगने से हो गया था। मृतक की पत्नि अनिता उरांव से वातालर्प के दौरान जिप अध्यक्ष रीना कुमारी को परिवारिक लाभ और आवास, घरेलू समान, राशन कार्ड आदि कई तरह की समस्या की जानकारी प्राप्त हुआ। जिला परिषद अध्यक्ष ने तत्काल कुछ सहायता राशि देकर उपरोक्त सभी समस्याओं के निदान के लिए पहल करने की बात कही। जल्द से जल्द सरकारी स्तर की हर व्यवस्था के अनुरूप पहल की बात कही। मृतक की पत्नी अनिता उरांव ने जिप अध्यक्ष का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सनियारी उरांव, अनिमा उरांव, संजय उरांव, विरसो उरांव और सभी ग्रामवासी मौजूद थे।

# 25वीं कारगिल विजय दिवस मनाया गया

**उपायुक्त एसपी समेत अन्य पदाधिकारियो ने वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** न्यू नगर भवन लोहरदगा में लोहरदगा भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा कारगिल विजय दिवस 2024 मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ. वाघमारे प्रसाद कृष्ण सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि भारत के सीमा क्षेत्र में घुसपैठियों के विरुद्ध की गयी, यह ऐतिहासिक सफल कार्रवाई को देश हमेशा याद रखेगा। इस युद्ध में भारतीय सबसे कठिन दृश्य से गुजरे हैं और फिर भी अपना गौरव बनायें रखने में कामयाब रहे हैं। उपायुक्त वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने भारत देश के पवित्र भूमि को बचाने के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले भारतीय वीर सैनिकों को नमन करते हुए श्रद्धांजली दी। पुलिस अधीक्षक हारीश बिन जमां ने कहा कि कारगिल विजय की कुर्बानियों की वजह से ही हमें सर ऊंचा करके जीने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में दी गयी आहुति और समर्पण की तुलना कभी भी नहीं की जा सकती है। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि वह आज शहीदों के परिजनों को नमन करते हुए गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। कारगिल विजय दिवस के 25वीं वर्षगांठ पर समस्त देशवासी अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा करने वाले वीर जवानों को याद कर रहे हैं। मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मराज महतो, सैनिक कल्याण संघ के टी रामा राव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक, समाजसेवी सुखैर भगत, डॉ. टी. साहु सहित अनेक भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे।

## जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी ने बीएलओ के साथ की बैठक

**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार मे शुक्रवार को जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मकड़ी ने मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम व निर्वाचन से सम्बंधित कार्यो की गति देने को लेकर बीएलओ के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में कहा गया कि एक जुलाई 2024 को आहर्ता मानते हुए जिनका 18 वर्ष पूर्ण हो गया है वैसे युवक युवती को मतदाता सूची मे नाम जोड़ने के लिए फॉर्म संख्या 6 भरने का निर्देशित करे। अगर किसी मतदाता का निधन हो गया हो, तो उसे मतदाता सूची मे मार्किंग करते हुए फॉर्म संख्या 7 में भरकर नाम हटाने को कहा गया है।

# कांग्रेस सांसद चंद्रजीत के खालिस्तानी समर्थन की पैरवी करना निंदनीय : मनीर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** भाजपा जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने अमृतपाल सिंह जो की खालिस्तानियों का एक बड़ा समर्थक है और जेल में भी बंद है वैसे व्यक्ति के लिए कांग्रेस के नेता पूर्व मुख्यमंत्री पंजाब सांसद चरणजीत सिंह चन्नी का खुलेआम लोकसभा में पर भी करना कांग्रेस की विचारधारा को प्रकट करता है। इससे यह पता चलता है कि जब कांग्रेस की सरकार में मुख्यमंत्री होंगे तो इस प्रकार के विचारधारा को कितना ज्यादा संरक्षण मिला होगा। कांग्रेस फिर से वही इतिहास दोहराना चाहती है कि पंजाब में पुनः एक बार एक भिंडरावाला जन्म ले और रहनुमा लोगों का रहनुमा बनकर जनता के बीच जाएं। परंतु कांग्रेस या भूल चुकी है कि आधुनिक युग में कोई भी व्याख्या छुपती नहीं है। वह जन-जन तक पहुंच जाती है। मशहूर सिंगर मूसे वाला हत्या का कांग्रेस की सरकार में ही हुई और आज वह दोषारोपण भाजपा सरकार पर कर रही है। कांग्रेस न्यायालय को भी नहीं मानती। कोई व्यक्ति हत्यारा है वह चुनाव जीत जाता है तो क्या उसे घूमने की आजादी मिल जाती है। इससे स्पष्ट होता है कि राष्ट्र विरोधी ताकतों को कांग्रेस अपना समर्थन देकर अपने स्वार्थ को साधना चाहती है। चाहे उसके लिए देश का विभाजन ही क्यों न हो जाए।ठीक उसी प्रकार से झारखंड में कांग्रेस के नेता सांसद झूठ परोस रहे हैं , तुष्टीकरण के आधार पर वैसी ताकत को संरक्षण दे रहे हैं जो कि हमारे जनजाति समाज को मूल संस्कृति से अलग कर रहे हैं जो कि बहुत ज्यादा दिन तक चलने वाला नहीं है। इस पर हमारे स्थानीय सांसद को भी विचार रखना चाहिए क्या चंद्रजीत सिंह चन्नी की बातों का वह भी समर्थन करते हैं। ऐसे तो हर बात पर पोस्टर बैनर लेकर लगातार अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हैं हमें लगता है यह राष्ट्र से जुड़ी मामले हैं इस पर भी अपना विचार स्पष्ट करना चाहिए।

# शिक्षा विभाग का अकाउंटेंट राजीव कुमार तीन प्रखंडों के प्रभार में, कार्यालय से रहते हैं गायब

**एकिकृत बारियातू, बालूमाथ और हेरहंज प्रखंड के लगभग 450 पारा शिक्षक अकाउंटेंट है परेशान**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बालूमाथ/बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी कार्यालय में पदस्थापित अकाउंटेंट राजीव कुमार, कार्यालय से अनुपस्थित रहने के कारण विभागीय कार्य समय से न होने और एकिकृत बारियातू, बालूमाथ एवं हेरहंज प्रखंड के लगभग 450 पारा शिक्षकों के 4 प्रतिशत मानदेय में वृद्धि न होने से शिक्षक परेशान हैं। अकाउंटेंट राजीव कुमार बीते 25 जुलाई 2023 से बारियातू बीआरसी कार्यालय में पदस्थापित हैं। तबसे लगातार कार्यालय से गायब हैं। पारा शिक्षकों से मीली जानकारी के अनुसार सरकार के शिक्षा विभाग के द्वारा पारा शिक्षकों का प्रति वर्ष जनवरी माह से चार प्रतिशत मानदेय में वेतन वृद्धि किया जाता है, पर एकिकृत बालूमाथ, बारियातू और हेरहंज प्रखंड के लगभग 450 पारा शिक्षकों का वेतन वृद्धि अकाउंटेंट के लापरवाही के कारण सात माह बीतने को है। अबतक प्रक्रिया पुरी कर विभाग को नहीं भेजा गया है। जिस कारण तीनों प्रखंड के पारा शिक्षकों में नाराजगी है।

आगे बताया कि बीआरसी कार्यालय में कोई विधी व्यवस्था नहीं है। प्रति माह वेतन को लेकर अपसेंटी जमा करने के लिए अधीकांश शिक्षक 15 से बीस किलोमीटर दूरी तय कर कार्यालय आते हैं, पर वह नदारत रहते हैं। फोन पर पूछें जाने पर अकाउंटेंट कुमार कहते हैं कि मैं हेरहंज में हूं, टेबल पर अपसेंटी नाम का एक फाइल रखा हुआ है उसमें रख दें। कई बार ऐसा हुआ है कि फाइल से अप्सेंटी सूची गायब हो जाता है। जिस कारण समय पर वेतन नहीं मिल पाता है। इसके अलावा प्रखंड के सभी विद्यालयों का अनेकों कार्यों के साथ साथ रसोईयाओं का वेतन भी बीते छः माह से रूका हुआ है। सरकार पठन पाठन को बढ़ावा देने के लिए विद्यालय से कई तरह का रिपोर्ट मांगते है। पर शिक्षक जितोड़ महनत से रिपोर्टर तैयार कर कार्यालय को सौंप देते हैं। पर बीआरसी कार्यालय में अकाउंटेंट न रहने के कारण रिपोर्ट पड़ा के पड़ा रह जाता है। शिक्षकों ने यह भी बताया कि हमारे अधिकांश शिक्षक पहचानते तक नहीं है। यह हाल सिर्फ बारियातू का ही नहीं, बल्कि बालूमाथ व हेरहंज का भी है। इस सबंध में अकाउंटेंट रजिव कुमार के फोन नंबर 8102047077 और 7979721941 पर कॉल किया गया पर वह फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा। वहीं प्रभारी प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह से पुछे जाने पर बताया कि अकाउंटेंट रजिव कुमार तीनों बारियातू बालुमाथ व हेरहंज प्रखंड के प्रभार में हैं। प्रत्येक प्रखंड के बीआरसी कार्यालय में दो दो दिन रहना है। यदि वह गायक रह रहा है। तो जांच कर कारवाई की जायेगी।

कार्यालय :- असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची
(जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, राँची)
फोन/फैक्स न0:- 0651–2215618
ई-मेल आई0डी0- csofficeranchi@yahoo.com, singhpraveen42@gmail.com

पत्रांक ..............................(DHS) राँची / दिनांक ..............................

आवश्यक सूचना

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड, राँची के पत्रांक - 9(RCH)-312/2015 -224(AMD) दिनांक 14.09.2022 के आलोक में "Ultrasonography During Pregnancy" के अनुसार प्रत्येक गर्भवती महिला को गर्भावस्था के दौरान कम से कम एक बार 18–19वां सप्ताह में Ultrasound किया जाना अनिवार्य है। सदर अस्पताल राँची में Ultrasound की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु मरीजों की संख्या अत्याधिक होने के कारण गर्भवती महिलाओं को काफी कठिनाई होती है।

अतः जिला एवं प्रखण्ड स्तर पर इच्छुक Ultrasonography Center से MOU करने हेतु Expression of Interest की मांग की जाती है, इच्छुक संस्थान अपना दर (Ultrasonography) मुहरबंद लिफाफा के माध्यम से जिला स्वास्थ्य समिति राँची के कार्यालय में दिनांक 02.08.2024 को कार्यालय अवधि तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक या साधारण डाक द्वारा जमा किया जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, राँची

PR 330794 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D

JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LIMITED
CIN: U40108JH2013SGC001704
Regd.Office: SLDC Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi -834002,JH
Phone: 0651-2400804/ Website: www.jusnl.in
OFFICE OF THE, GENERAL MANAGER TRANSMISSION ZONE – IV, MEDININAGAR (Daltonganj)
Address-Sudna, Daltonganj, Email: gmtzdal@gmail.com

Tender Notice

Sealed tender is invited in two parts Part-I as Technical & Commercial, Part-II as Price Part (Both in two separate sealed envelopes super scribed with NIT No. and Part) from reputed and experienced agencies/ firms for the following work:

| Sl. No. | NIT No. | Description of work | Cost of B.O.Q (Non-refundable) | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 120 /PR/JUSNL/ 2024-25 | Repair of cable trench and provision for replacement of damaged cover slabs with new ones at 132/33kV GSS Japla. | Rs.1476.00 (Rs.1250+ SGST@9% +CGST@9%) | Rs.13,300.00 |

Note :-
1. Start date for sale of tender documents :- 29.07.2024 from 02:00 PM
2. Last date for sale of tender documents :- 19.08.2024 upto 05:00 PM
3. Last date & time of submission of tender document :- 20.08.2024 upto 04:00 PM
4. Due date & time of opening of tender document Part-I :- 21.08.2024 at 03:00 PM
5. Tender documents along with terms and conditions can be purchased from the office of General Manager, Transmission Zone-IV, Medininagar on payment of cost of BOQ (Non-refundable) in shape of D.D drawn in favour of **Accounts Officer, Transmission Zone-IV, Daltonganj** payable at Daltonganj on any working day.
6. No postal transaction of purchase/ submission of tender documents shall be entertained.
7. The undersigned reserves the right to issue the tender documents/ extend the date of sale/ submission/ opening of tenders and distribute the works among the tenderers or reject any/ all tenders without assigning any reason thereof.
8. For any clarifications, please contact on Mobile No. 9771850485.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager
Transmission Zone-IV, Medininagar

PR 330874 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd (24-25)_D

ऊर्जा विभाग
झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं०–2 धुर्वा, रॉची।

अल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं0– Energy/EWD/Ranchi/33/2024-25 दिनांक– 26/07/2024

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | डोरण्डा रॉची स्थित जज बंगला संख्या जैप 119 मे विद्युत मरम्मति . गार्डेन लाईट, सुरक्षा लाईट, गेट लाईट के बदलीकरण एवं इन्वर्ट सेट के अधिष्ठापन का कार्य। | 14,79,160=00 | 2,500=00 | 30,000=00 | 28 दिन |
| II | नवनिर्मित झारखण्ड विधान सभा, धुर्वा रॉची के कमरा सं0 GE-023, GE-027 एवं GE-028 में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं एल0 ई0 डी0 फल्ड लाईट के अधिष्ठापन का कार्य। | 13,88,598=00 | 2,500=00 | 28,000=00 | 28 दिन |
| III | व्यवहार न्यायालय, खूँटी के विभिन्न कोर्ट रूम एवं न्यायाधीश चैम्बर में ए0सी0 वायरिंग के अतिरिक्त कार्य। | 14,45,970=00 | 2,500=00 | 29,000=00 | 28 दिन |
| IV | व्यवहार न्यायालय, हजारीबाग में विद्युत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 18,02,976=00 | 5,000=00 | 37,000=00 | 28 दिन |
| V | सेन्ट्रल स्कूल डोरण्डा, रॉची स्थित न्यायाधीश बंगला संख्या 4 में गार्डेन लाईट, गेट लाईट के बदलीकरण एवं अतिरिक्त कार्य। | 10,75,980=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 28 दिन |
| VI | ए0 जी0 मोड डोरण्डा, रॉची के समीप स्थित जज बंगला संख्या 1 एवं 2 में विद्युत अधिष्ठापन के मरम्मति, बगीचा लाईट, सुरक्षा लाईट, गेट लाईट के बदलीकरण एवं स्टाफ क्वाटर मं सर्विस केबल के बदलीकरण का कार्य। | 28,26,346=00 | 5,000=00 | 58,000=00 | 42 दिन |
| VII | धुर्वा रॉची स्थित पुलिस उपाधीक्षक हटिया के कार्यालय में विद्युत में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं सुरक्षा लाईट, गेट लाईट, बगीचा लाईट एवं क्यूबिकल पैनल के अधिष्ठापन का कार्य। | 10,21,378=00 | 2,500=00 | 22,000=00 | 28 दिन |
| VIII | ए0 जी0 मोड, डोरण्डा, रॉची स्थित जलसंसाधन विभाग के गेस्ट हाउस में मुख्य भवन में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं एवं वाह्य लाईट एवं सर्विस केबल के विशेष मरम्मति का कार्य। | 30,60,430=00 | 5,000=00 | 62,000=00 | 42 दिन |
| IX | मोराबादी, रॉची स्थित परिवहन मंत्री के आवास एवं पुलिस बैरक में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति एवं बदलीकरण का कार्य। | 11,68,585=00 | 2,500=00 | 24,000=00 | 28 दिन |
| X | हजारीबाग स्थित खान एवं भूतत्व विभाग में विद्युत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 41,69,319=00 | 5,000=00 | 84,000=00 | 42 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 06.08.2024 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 07.08.2024 के 10.30 बजे पूर्वाह्न से 13.08.2024 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 14.08.2024 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651–2490069 | | | |

Note :- Tender Fee and Earnest Money Deposit (EMD) are to be paid through online mode only as per instruction of IT Dept. Govt. of Jharkhand Letter no.-120 Dated- 03-10-2023.
निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

PR.NO.330894 Energy(24-25):D
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।

कार्यालय अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, राँची

63 राँची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत भवन का नाम परिवर्तन संबंधित प्रस्ताव

| क्र0 सं0 | विधानसभा क्षेत्र संख्या एवं नाम | अंचल का नाम | भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पूर्व में अधिसूचित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | भवन का नाम परिर्वतन हेतु प्रस्तावित मतदान केन्द्र का संख्या एवं नाम | वर्तमान मतदान केन्द्र से प्रस्तावित मतदान केन्द्र की दूरी (कि0मी0/मी0 में) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 77–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–1) | 77–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–1) | 0 कि0मी0 | |
| 2 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 78–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–2) | 78–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–2) | 0 कि0मी0 | |
| 3 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 79–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–3) | 79–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–3) | 0 कि0मी0 | |
| 4 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 80–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–4) | 80–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–4) | 0 कि0मी0 | |
| 5 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 81–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–5) | 81–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–5) | 0 कि0मी0 | |
| 6 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 82–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–6) | 82–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–6) | 0 कि0मी0 | |
| 7 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 83–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–7) | 83–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–7) | 0 कि0मी0 | |
| 8 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 84–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–8) | 84–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–8) | 0 कि0मी0 | |
| 9 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 85–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–9) | 85–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–9) | 0 कि0मी0 | |
| 10 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 86–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–10) | 86–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–10) | 0 कि0मी0 | |
| 11 | 63 राँची | राँची नगर निगम राँची | 87–सर्ड छात्रावास पिस्का मोड (कमरा नं0–11) | 87–केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, ओ0टी0सी0 ग्राउण्ड, हेहल, राँची (कमरा नं0–11) | 0 कि0मी0 | |
| 12 | 63 राँची | शहर अंचल | 227, राजकीय हिन्दी प्राथमिक विद्यालय कोनका | 227, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय नेजामिया उर्दु, राँची | 0 कि0मी0 | |
| 13 | 63 राँची | शहर अंचल | 228, राजकीय हिन्दी प्राथमिक विद्यालय कोनका | 228, राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय नेजामिया उर्दु, राँची | 0 कि0मी0 | |
| 14 | 63 राँची | शहर अंचल | 229, राजकीय हिन्दी प्राथमिक विद्यालय कोनका | 229 राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय नेजामिया उर्दु, राँची | 0 कि0मी0 | |

ह0/–
निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी
63–राँची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र
–सह–अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, राँची

PR 330837 District(24-25).D

## सिमडेगा कॉलेज बाजार टोली रोड का जल्द होगा कायाकल्प: डीसी सिमडेगा

सिमडेगा (आजाद सिपाही)। सिमडेगा कॉलेज से बाजार टोली होते हुए अल्बर्ट एक्का स्टेडियम तक के रोड का जल्द कायाकल्प किया जायेगा। बता दें कि सिमडेगा कॉलेज से बाजार टोली होते हुए अल्बर्ट एक्का स्टेडियम तक का ये सड़क सिमडेगा मुख्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण सड़क है। शहर में किसी भी बड़े आयोजन के दौरान इस सड़क का प्रयोग बायपास के रूप में किया जाता है। यही नहीं इसी रास्ते सैकड़ों छात्र-छात्राएं सिमडेगा कॉलेज जाते है। इसी सड़क में पूर्व विधायक बसंत लोंगा का आवास है। नवनिर्मित इंडोर स्टेडियम भी इसी रोड के किनारे है। इसी रोड से होकर व्यापारी बाजार समिति जाते हैं, और इसी सड़क से होकर शहर वासी सप्ताह में दो दिन लगने वाले साप्ताहिक बाजार जाते है। इसी सड़क घनी आबादी क्षेत्र भट्ठी टोली, मतरामेटा और कोनमेंजरा होते हुए रेंगारी आदि तक का सफर लोग करते हैं। लंबे समय से लोग इसके मरम्मत करने की मांग कर रहे थे। खैर देर से हीं सही लेकिन अब इस सड़क के भाग्य बदलने का समय आ गया है। जल्द ही इस सड़क का कायाकल्प किया जायेगा। डीसी सिमडेगा अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस सड़क का टेंडर हो गया है। बरसात के बाद इसके कालीकरण का काम शुरू कर दिया जायेगा।

## कुडुख भाषा संरक्षण और संवर्धन को लेकर 12 संगठनों ने कचहरी परिसर में किया धरना-प्रदर्शन

गुमला (आजाद सिपाही)। कुडुख भाषा संघर्ष समिति गुमला ने प्राथमिक शिक्षा निदेशालय झारखंड सरकार के नाम उपयुक्त गुमला को आवेदन सौंपा है। बताया कि जनजाति और क्षेत्रीय भाषा हेतु विद्यालयों का चयन से संघर्ष समिति को आपत्ति है। आगे बताया पत्रांक 582 दिनांक 17 5.2024 के आलोक में जिले के प्राथमिक विद्यालयों प्राथमिक कक्षा वाले विद्यालयों के अंतर्गत जनजातीय और क्षेत्रीय भाषा के संबद्धकरण हेतु चिन्हित विद्यालयों में जनजाति और क्षेत्रीय भाषा प्रयोग करने वाले छात्र-छात्राओं की संख्या ज्ञात करने हेतु सर्वेक्षण किया गया। जिसमें गुमला जिला में कुडुख बहुत जिला होने के बावजूद मात्र 123 पद सृजित किया गया है जो न्याय संगत नहीं है। ज्ञात हो की गुमला जिला पांचवी अनुसूचित क्षेत्र के अंतर्गत आता है। जहां लगभग 70% आबादी आदिवासी कुडुख बहुल है। जहां शत प्रतिशत छात्र कुरुख पढ़ते हैं। उनकी मातृभाषा कुरुख, संथाली, मुंडारी, खड़िया, हो आदि है। आदिवासियों की पहचान का आधार भाषा, संस्कृति, परंपरा, रीति रिवाज आदि है। शहर में रैली निकाले जाने के बाद कचहरी परिसर में जनसभा का आयोजन किया गया। वहीं वक्ताओं ने कहा कुडुख आदिवासी क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा को आधार न बनाते हुए संविधान के अनुच्छेद 350 अ के आलोक में जनजातीय भाषा को आधार बनाकर जिस विद्यालय में नामांकित छात्राओं की संख्या एवं आदिवासी बहुत क्षेत्र हो जनजाति भाषा कुडुख, मुंडारी, संथाली, खड़िया आदि भाषा में शिक्षक का पद सृजन और नियुक्त किया जाये। ताकि उरांव समुदाय की भाषा कुडुख /उरांव को संरक्षण और संवर्धन किया जा सके। कार्यक्रम में 12 संगठन के लोग शामिल थे। वहीं आवेदन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक उपायुक्त सहित कई जगह सौंपी गयी है।

## 2 लाख नगद और 12 लाख के जेवरात की चोरी

गुमल (आजाद सिपाही)। गुमला में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। हालांकि पुलिस ने कुछ दिन पूर्व लगातार हो रही चोरी की घटना में शामिल 3 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, लेकिन बीती रात चोरों ने पॉश इलाका जवाहर नगर निवासी अरुण कुमार साहू के घर को निशाना बनाया है। अरुण का पूरा परिवार गुमला से थोड़ी दूर स्थित पैतृक गांव भभरी गया था। लौटने पर पता चला कि चोरों ने ताला तोड़कर घर में प्रवेश किया और ?2 लाख नकद और करीब 12 लाख के सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गये। पीड़ित परिवार के द्वारा गुमला थाना में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इधर, पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## स्कॉर्पियो-बाइक की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

गुमला (आजाद सिपाही)। जारी थाना क्षेत्र अंतर्गत सीकरी अंबा टोली मोड में स्कॉर्पियो व बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना में जारी प्रखंड के सीकरी निवासी 60 वर्षीय मार्शल तिर्की पिता स्वर्गीय पतरस तिर्की की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं बाइक में सवार 12 वर्षीय करिश्मा बेक और नॉबर्ट बेक घायल हो गये। जानकारी के मुताबिक बुधवार की सुबह करीब 9:00 बजे छात्रा उसके मामा मार्शल और पिता नॉबर्ट बेक एक ही बाइक में सवार होकर छात्रा का मेडिकल रिपोर्ट बनवाने चैनपुर जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से स्कार्पियो सवार जोरदार टक्कर मार दिया। स्कॉर्पियो में बेतरी निवासी एक व्यक्ति व उसकी पत्नी सवार थी। घटना की जानकारी पर जारी थाना की पुलिस घटनास्थल पहुंच बाइक व स्कॉर्पियो को जप्त कर थाना ले आयी। वहीं चालक को भी थाना लाया गया। परिजनों ने बताया मार्शल बीएसएफ का जवान था। और 15 साल पूर्व रिटायर हुआ था। वहीं जारी थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा, वाहन चालक हेलमेट का जरूर प्रयोग करें। वहीं जारी थाना की पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेजा। जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## दो बाइकों में भिड़ंत, दो युवक घायल, रिम्स रेफर



गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला रांची नेशनल हाईवे स्थित डुमरटोली टोली इग्नेसियुस स्कूल के समीप दो बाइक के बीच भीषण टक्कर हो गयी। घटना में चैनपुर निवासी सचिन यादव और एक अज्ञात युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए दोनों को रिम्स रांची रेफर कर दिया गया। घटना में दोनों युवक को चेहरा सिर व शरीर के कई हिस्से में गंभीर चोट लगी है।

## बरगीडांड में कमाल खान की मौत, ग्रामीणों ने दूसरे गांव के दो युवकों को बनाया बंधक

रायडीह (आजाद सिपाही)। रायडीह थाना क्षेत्र के बरगीडांड गांव निवासी कमाल खान की मौत का रहस्य से पर्दा नहीं उठ पाया है। 22 जुलाई को खकसी टोली के समीप पुल के नीचे गिरने से उसकी मौत हो गयी थी, लेकिन परिजनों का कहना है कि उसकी हत्या की गयी है। वहीं आवेदन देकर पुलिस से जांच की मांग की थी। इसके बाद गुरुवार को बरगी डांड गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गयी। ग्रामीणों ने हत्या के आरोप में खकसी टोली के दो व्यक्ति अरविंद बाखला और सुशील बाखला को गांव से बंधक बनाकर बरगी डांड गांव ले आये, इसके बाद मामला बिगड़ गया। खकसी टोली और बरगी डांड गांव के ग्रामीण आमने-सामने हो गये। इसके बाद मौके पर रायडीह थाना की पुलिस पहुंची और दोनों व्यक्ति को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त कराने में जुट गयी। इस कार्रवाई से ग्रामीण पुलिस का विरोध करने लगे साथ ही पुलिस को घेर लिया। इसके बाद वहां अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया। इसके बाद चैनपुर जारी सुरसंग, रायडीह और गुमला थाना की पुलिस मौके पर पहुंच मोर्चा संभाला। ग्रामीणों ने हत्या करने का आरोप बाइक में बैठे टीपू सुल्तान पर लगाया है। साथ ही उसके घर को घेर कर उसे बाहर निकलने का प्रयास किया। इसके बाद दिनभर हाई वोल्टेज ड्रामा चला, काफी मशक्कत के बाद पुलिस दोनों व्यक्ति को ग्रामीणों के चंगुल से मुक्त करायी और टीपू सुल्तान को रायडीह थाना लेकर आयी। वहीं दोनों गांव के ग्रामीण भी थाना के बाहर जमे हुए थे। वहीं मौत को लेकर लोग प्रेम प्रसंग से भी जोड़ रहे हैं। परिजनों ने बताया कि खकसी टोली गांव से कमाल प्रेमिका से मिलकर लौट रहा था, तभी दुर्घटना में उसकी मौत की साजिश रची गयी। जबकि उसकी हत्या कर उसे दुर्घटना का रूप दिया गया है। वहीं रायडीह पुलिस लिखित आवेदन के आधार पर जांच में जुट गयी है।

# नशीले पदार्थ की बिक्री पर रोकथाम के लिए हो रही है लगातार छापेमारी: डीसी

**कारा, खनन, सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक हुई संपन्न, दिये आवश्यक निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में एनसीओआरडी समिति, कारा, खनन और सड़क सुरक्षा से संबंधित संयुक्त समीक्षात्मक बैठक हुई। एनसीओआरडी समिति की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने जिले में अवैध रूप से नशीले पदार्थों पर रोक लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह ने कहा कि जिले में लगातार गांजा, ड्रग्स जैसे अवैध रूप से नशीले पदार्थों के बिक्री करने वालो पर पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार छापेमारी की जा रही है। साथ ही कुछ संदेह जनक लोगों को रडार में रखा गया और औचक छापेमारी भी की जा ही है।

सड़क सुरक्षा से संबंधित समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के परिवारजनों को जल्द ही मुआवजा राशि उपलब्ध कराने की बात कही। इसके आलावा सड़क दुर्घटना से मृतकों के परिवारजनों को अन्य इंश्योरेंस की राशि और आपदा प्रबंधन समिति से मिलने वाली मुआवजा राशि भी दिलाने हेतु सहयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के परिवारजनों को सड़क सुरक्षा के तहग 2लाख रुपए की मुआवजा राशि दी जाती है वहीं इसके अलावा आपदा प्रबंधन से भी परिवारजनों को 1 लाख रुपये की मुआवजा राशि प्रदान की जाती है। इसके अलावा यदि मृतक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना लिया हो तो वहां से भी उन्हें सहायता राशि मिलती है। साथ ही यदि मृतक के द्वारा श्रम कार्ड बनाया गया हो, तो उसपर भी सहायता राशि सरकार के द्वारा दी जाती है। उपायुक्त ने सभी लाभुकों को योजनाओं का लाभ सही समय पर देने का निर्देश दिया। जिला परिवहन विभाग के कर्मियों के प्रति उपायुक्त ने सख्ती बरतते हुए उन्हें निर्देशित किया कि सड़क दुर्घटना से हुए मृतकों के परिवारजनों को सभी योजनाओं से आच्छादित करने में परिवहन विभाग के कर्मी सहयोग करें अन्यथा कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। उपायुक्त ने सभी ब्लैक स्पॉट वाले क्षेत्रों के निर्माण कार्यों को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने ट्रैफिक मैनेजमेंट, पार्किंग की व्यवस्था दुरुस्त करने आदि पर भी निर्देश दिया। इस दौरान बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक, एसडीआई सदर, एसडीओ चैनपुर, सिविल सर्जन गुमला, जिला परिवहन पदाधिकारी, कारा अधीक्षक, जिला खनन पदाधिकारी, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहें।

# रेफरल अस्पताल में समय पर इलाज नहीं करने को बीस सूत्री सदस्य ने बीडीओ से कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** रेफरल अस्पताल में चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही और समय पर इलाज नहीं करने को लेकर शुक्रवार को बीस सूत्री सदस्य गंगा उरांव ने बीडीओ को आवेदन सौंप कर कार्रवाई की मांग की है।

आवेदन में कहा गया है कि डॉक्टर समय पर अस्पताल में मौजूद नहीं रहते हैं। सरकारी डॉक्टरों की लापरवाही के कारण गरीब रोगी झोलाछाप डॉक्टरों से इलाज कराकर जान गंवा बैठते हैं। रेफरल अस्पताल सिसई में प्रति दिन दिन-रात किस डॉक्टर की ड्यूटी समय सारणी नहीं होना, सूचना पट्ट पर डॉक्टरों की सूची नहीं लगा होना चिकित्सा प्रभारी की घोर लापरवाही है। अस्पताल कर्मी भी अक्सर समय पर अस्पताल में मौजूद नहीं रहते वहीं कुछ कर्मी समय से पहले ही निकल कर चलें जातें हैं। मैं खुद गुरुवार को अपने बुखार व खांसी का इलाज कराने गया सुबह पौने नौ बजे से डॉक्टर के इंतजार करता रहा, इस दौरान कई रोगी डॉक्टर के इंतजार में इधर-उधर भटक रहे थे। डॉक्टर दस बजकर छह मिनट में ओपीडी पहुंची। उनसे इलाज कराकर मैं दवा लेने दवा वितरण कक्ष गया, कक्ष बंद था। इंतेजार के बाद कर्मी के आने पर दवा मिला। अस्पताल के बल्ड जांच कार्यालय में भी कई अनियमितता की जानकारी प्राप्त हुई है। पुर्व में 11 जुलाई को भी मेरे द्वारा एक वृद्ध को बुखार और खांसी का इलाज कराने रेफरल अस्पताल लाया गया था, उस समय भी अस्पताल में कोई डॉक्टर नही था। एक कर्मी को बोलने पर नर्स को बुलाकर लाया और नर्स को डॉक्टर बुलाने भेजा गया तो डॉक्टर द्वारा बिना मरीज को देखें, एक पर्ची में चार दवा लिखकर बाहर से दवा लेने कहा गया। बाध्य होकर वृद्ध को ले जाकर इलाज आशीष नर्सिंग में कराया गया। इन तथ्यों से स्पष्ट होता है कि रेफरल अस्पताल प्रभारी, चिकित्सक और कर्मी कितना बेलगाम होकर सरकारी समय का दुरुपयोग कर और क्षेत्र के गरीब रोगियों को परेशान कर रहें हैं। उन्होंने बीडीओ से मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने और आम रोगियों की परेशानियां दुर करने की मांग की है, वहीं उन्होंने कार्रवाई नहीं होने पर झारखंड राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से शिकायत करने की बात कही है।

# 'सोल्जेरात्थान-रन फोर द ब्रेभहाट्र्स' का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला ।** हमारा तिरंगा हवाओं से नहीं बल्कि उसके शान की खातिर सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीरों की अंतिम सांस से लहराता है। 527 शहीदों, 1,363 घायल वीरों समेत अन्य वीरों ने 3 मई से 26 जुलाई तक सन 1999 में अपने प्राणों की बाजी लगाकर करगिल युद्ध में पाकिस्तान को धूल चटाकर भारत को विजय दिलायी। कारगिल विजय की रजत जयंती के अवसर पर उन सभी वीरों को सम्मान देने के लिए ट्रूप संख्या 18/46 झारखंड बटालियन एनसीसी डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला के द्वारा 'सोल्जेराथान - रन फोर द ब्रेभहाट्र्स' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड जोन-आई सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डॉ गुलाम नबी खान, डीएवी गुमला प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू, डीएवी लोहरदगा प्रधानाचार्य जीपी झा, एलएमसी सदस्य देवसागर सिंह, एएनओ अभिजीत झा ने एक मेमेंटो रिलीज किया। डॉ गुलाम नबी खान ने कहा कि कारगिल युद्ध में हमारे प्रत्येक जवान के बलिदान पर हमारा आज का भविष्य टिका हुआ है। इस युद्ध में शहीदों ने भारतीय सेना की शौर्य व सर्वोच्च बलिदान की उस परंपरा का निर्वहन किया जिसकी सौगंध हर भारतीय सैनिक तिरंगे के समक्ष लेता है। डॉ रमाकांत साहू ने कैडेटों को कहा कि आज के दिन हम उन वीरों को नमन करें, उनके शौर्य को याद करें। उन्होंने कारगिल युद्ध की जानकारी देते हुए कहा कि कारगिल की ऊंची चोटियों को पाकिस्तान के कब्जे से आजाद करवाते हुए बलिदान देने वाले देश के वीर सपूतों की याद में हर साल कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है। कारगिल विजय दिवस हर साल 26 जुलाई को 1999 में कारगिल युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। सहायक एनसीसी अधिकारी सेकेंड आफि सर अभिजीत झा ने कहा कि हर साल इस दिन हम करगिल युद्ध में शहीद हुए सैकड़ों भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हैं। आज हम सभी इस दिवस की महत्ता को नमन करते हुए प्रण हर लेते हैं कि समय आने पर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने के लिए तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर कैडेटों ने नीमटोली में और आसपास के इलाकों में दो किलोमीटर की दौड़ लगायी। इस दौड़ में कैडेट नमन कुमार उरांव, संजनी उरांव, सुहानी प्रीत, विपुल अग्रवाल, रविंद्र लोहरा, वैभव लकड़ा, रोहन गोप, आरुष संस्कार, आदित्य, सौरांश, आजाद राज, आर्यन, अनुज, खुशी, आर्यन सिंह, नूपुर, सृष्टि, लक्ष्मी, अभिजीत और देवाशीष आदि अन्य ने भाग लिया।

# हिंसा पीड़ित महिलाओं में जीने की नयी उम्मीद जगा रहा है गरिमा केंद्र: जोसिमा

**पाकरटांड़ में प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जनसुनवाई कार्यक्रम संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** सिमडेगा पाकरटांड़ प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को जेएसएलपीएस के तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय गरिमा सम्मेलन सह जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख?य अतिथि के रुप में उपस्थित जिप सदस्य जोसिमा खाखा के अलावे प्रमुख रजत लकड़ा, गरिमा परियोजना कॉर्डिनेटर चम्पा तिग्गा, जेएसएलपीएस के जिला प्रबंधक अमित कमल कुजूर, थाना प्रभारी ने संयुक्त रुप से दीप जलाकर किया। मौके पर जोसिमा खाखा ने कहा कि जिले के चार प्रखंडों में खोला गया गरिमा केंद्र घरेलु हिंसा और मानव तस्करी का शिकार महिलाओं में जीने की नई उम्मीद जगा रहा है। गरिमा केंद्र आज पीड़िताओं के लिये किसी वरदान से कम नहीं है। उंहोंने कहा कि केंद्र में बदनामी और शर्मींदगी का शिकार हो चुकी महिलाओं को न्याय भी दिलाया जाता है, जो सराहनीय है। जोसिमा ने कहा कि मुझे खुशी होती है कि केंद्र में हिंसा के साथ साथ गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहयोग भी दिलाने में भी मदद की जाती है। साथ ही पीड़िता महिला को आजीविका के लिये विभिन्न स्रोतों से जोड़कर रोजगार मुहैया कराया जाता है। गंभीर समस्या से पीड़िता महिलाओं को अस्पताल, सीडब्लूसी, वन स्टॉप सेंटर रेफर किया जाता है। यही कारण है कि गरिमा केंद्र आज ग्रामीण महिलाओं के लिये वरदान साबित हो रही है। जेएसएलपीएस के अमित कमल कुजूर ने बताया कि केंद्र की सहायता से पीड़िता महिलाओं को न्याय दिलाने की लगातार कोशिश की जा रही है। वहीं समाज मे फैली कुरुतियों, डायन कुप्रथा, बाल विवाह, यौन हिंसा, मानव तस्करी, पलायन आदि के लिये भी जागरूकता अभियान चलाकर जागरूक किया जा रहा है। यहां पीड़िता को हर सम्भव मदद की जाती है। केंद्र की सभी महिलाओं को समय समय पर विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाता है। बताया कि पाकरटांड़ में कुल 104 केस दर्ज किए गए हैं। जिसमें से कुल 101 केसों का निष्पादन किया गया है। शेष तीन केस थाना में दर्ज है। मौके पर बीपीएम राजीव, कमलेश, रोशन कंडुलना, मधुसुदन साहू, पंसस प्रतिमा कुजूर, सफीरा बाड़ा, उर्मिला केरकेट्टा, रोशनी टोप्पो, प्रभा किड़ो, सिसिलिया किड़ो, अनीता देवी, सीमा देवी, मैत्री देवी, सन्ना आजमी आदि उपस्थित थी।

## झारखंड इंटरमीडिएट संघ ने किया शैक्षणिक हड़ताल का आह्वान

घाघरा (आजाद सिपाही)। झारखंड इंटरमीडिएट संघ के द्वारा शैक्षणिक हड़ताल का आवाहन किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए प्राचार्य अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि झारखंड इंटरमीडिएट संघ के आदेश अनुसार राज्य के सभी इंटर महाविद्यालय राज्य के वित्त रहित इंटर महाविद्यालय, उच्च विद्यालय और मदरसा, विभिन्न मांगों को लेकर इंटर महाविद्यालय में नामांकन हेतु सीट वृद्धि, अनुदान की राशि को चौगुना करना। वित्त रहित शिक्षक और शिक्षित क्षेत्र कर्मचारियों की सरकारी कर्मचारी का मान्यता देना साथ ही अन्य मांगों को लेकर राज्य के सभी वित्त रहित शिक्षक संस्थान बंद करने का निर्णय लिया गया है। इसी के तहत टाना भगत इंटर महाविद्यालय घाघरा आदेश का अनुपालन करते हुए शैक्षणिक हड़ताल पर चली गयी है।

## टांगीनाथ धाम सड़क निर्माण में गड़बड़ी के दोषियों पर जांचोपरांत कार्रवाई हो

गुमला (आजाद सिपाही)। भाकपा (माले) रेड स्टार के जिला कमेटी सदस्य सह झारखंड नवनिर्माण दल के प्रभारी शंकर उरांव गुमला जिला के डुमरी प्रखंड स्थित चर्चित गांव टांगीनाथ सड़क निर्माण योजना में भारी अनियमितता बरते जाने की शिकायत गुमला उपायुक्त से करेंगे। श्री उरांव ने कहा है कि वर्षों प्रतीक्षा के बाद बनी टांगीनाथ धाम जाने वाली सड़क योजना का निर्माण प्राक्कलन को ताक पर रखकर की गयी है। यही कारण है कि सड़क बनते ही नीचे धस कर टूट रहा है जो बताता है कि संवेदक और इंजीनियरों की मिलीभगत से किस कदर धार्मिक स्थल जाने वाली सड़क निर्माण में भी भ्रष्टाचार करने से विभाग नहीं चूक रही है। मामला सिर्फ मरम्मती करा देने का भर नहीं है, मामला घटिया निर्माण कर सरकारी राशि की घोटाले का है। इसलिए प्राक्कलन के अनुसार सड़क बनी है कि नहीं इसकी उच्चस्तरीय जांच जरूरी है और अगर सड़क प्राक्कलन के अनुसार नहीं बनी है तो संवेदक और इंजीनियरों पर प्राथमिकी दर्ज की जानी चाहिए। इस मामले को लेकर पार्टी 27 जुलाई 2024 को गुमला उपायुक्त को मांग-पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग करेगी। कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में सड़क निर्माण के नाम पर जिले में चल रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध पार्टी आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी।

## सार्वजनिक कब्जे की जमीन के मामलों को लेकर मिशन बदलाव टीम ने डीसी के नाम मांग पत्र दिया

गुमला (आजाद सिपाही)। जिला के बंदोबस्त कार्यालय में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि चैनपुर कुरुमगढ़ ग्रामीणों का सार्वजनिक जमीन की बंदोबस्ती कुछ लोगों के नाम पर करने से नहीं चूकता है, और उसके बाद पिछले कई वर्षों से ग्रामीणों के द्वारा जमीन को बचाने के उपायुक्त गुमला के नाम बंदोबस्त रद्द कराने को लेकर गुमला डीसी को मांग पत्र दिया गया। मामला है सेंटलमेंट में खाता नं. 297 डिसमिल में आर उरांव नाम से जमीन अंकित है और एकड़ 97 डिसमिल जमीन है। इस जमीन को बंदोबस्त कार्यालय के द्वारा से अंकित कर दिया, ताकि इस जमीन को दखल आर उरांव कर सके। जैसे ही ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली है, तब से ग्रामीणों के द्वारा लगातार विरोध दर्ज कराया जा रहा है और ग्रामीणों ग्रामीणों ने इसका विरोध अभी कर रहे हैं। शुक्रवार को उपायुक्त गुमला को इसकी शिकायत मिशन बदलाव टीम और ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल के द्वारा दिया गया। उसके बाद इस मामले को बंदोबस्त न्यायालय में भेज दिया जायेगा, जहां अब तक इसकी सुनवाई बंदोबस्त न्यायालय के द्वारा किया जायेगा। सैकड़ों ग्रामीणों ने दावा किया है यह जमीन ग्रामीणों की है, जहां मशना, पूजा पाठ से लेकर ग्रामीणों का सार्वजनिक कार्य यहीं संपन्न होता है, और सैकड़ों वर्षों से यहां मेला और पारंपरिक पूजा और अन्य कार्य यहीं होता है। इस जमीन का स्थानातंरण कुछ लोगों के नाम पर करने से नाराज ग्रामीणों के साथ मिशन बदलाव ने समस्या का समाधान करने के लिए जिला महिला मोर्चा सुनील इंद्रावर मिशन बदलाव के जिला सचिन सैयदा खातून, सुनील जनक गोप नगर सचिव विनय गोप, हरेंद्र भी सहयोग करने में आगे रहे।

## वाहन की चपेट में आने से गोवर्धन की मौत

भरनो (आजाद सिपाही)। शुक्रवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आकर कुसुमबाहा मोड़ के पास गोबर्धन उरांव 60 वर्ष की मृत्यु हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया था। थाना प्रभारी कंचन प्रजापति और कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष आशीष नाथ सहदेव ने समझा बुझा कर सड़क जाम को खुलवाया। थाना प्रभारी भरनो के द्वारा मृतक गोवर्धन उरांव के पुत्र कमल उरांव को अंतिम संस्कार करने के लिए दस हजार दिया गया। भरनो अंचल अधिकारी के प्रतिनिधि अंचल निरीक्षक शाहिद अनवर एक सप्ताह में मुआवजा दिलाने की बात कही। वहीं मौके पर कांग्रेस उपाध्यक्ष अजहर अली, मुखिया जय राम उरांव और सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## अबुवा आवास निर्माण कार्य में तेजी लायें : बीडीओ



चैनपुर (आजाद सिपाही)। चैनपुर बीडीओ यादव बैठा ने शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड कर्मियों मुखिया व कोऑर्डिनेटर के साथ बैठक कर अबुवा आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने का दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने सभी पंचायत सचिव कोऑर्डिनेटर और मुखिया को निर्देश देते हुए कहा है कि एक महीना के अंदर अबुवा आवास निर्माण को पूरा कारे। अन्यथा संबंधित पंचायत सचिव व कोऑर्डिनेटर के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ ने कहा कि प्रखंड में चल रहे विभिन्न विकास योजनाओं के क्रियांन्यवन में भी तेजी लायें और विकास योजनाओं का लाभ ग्रामीण तक पहुंचायें। बीडीओ श्री बैठा ने पंचायतवार अबुवा आवास सहित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा किया। और संबंधित पंचायत सचिव व पंचायत के मुखिया को यथाशीघ्र योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने की बात कही। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायत के पंचायत सचिव कोऑर्डिनेटर व मुखिया मौजूद थे।

## बसिया में कारगिल विजय दिवस मनाया गया



बसिया (आजाद सिपाही)। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, बसिया में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने भारत माता के चित्र तथा तिरंगा झंडा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पार्चन कर किया। छात्रों ने कार्यक्रम स्थल पर करगिल के टाइगर हिल का प्रतिरूप बनाया था। इस अवसर पर छात्र शिवम महली ने सुंदर देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। करगिल विजय पर आधारित तथ्यों को बतलाते हुए अनेक छात्रों ने भाषण दिया। प्राचार्य संजय कुमार सिंह ने करगिल विजय को हमारे भारतीय सेना के उच्च कोटि की वीरता और बलिदान की गाथा बताते हुए भावी पीढ़ी के लिए प्रेरणा का श्रोत बताया। मंच संचालन छात्र निखिल मुंडा ने किया। इस अवसर पर शिक्षक धनंजय सिंह, बादेश कुमार मंडल, अमरदीप बक्सराय, पंकज, निरंजन, कंचन, सूरज, रंजन पांडेय, प्रिया, रोबिन आदि मौजूद थे।

# देवप्रभा कंपनी में काम मांगने गये युवक की मौत, आक्रोशित लोगों ने लगायी आग

## पैर फिसल कर गिरने के बाद होल पैक की चपेट में आने से हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** सुशी आउटसोर्सिंग में कार्य कर रही पेटी कांस्ट्रैक्ट अंतर्गथ देवप्रभा कंपनी में रोजगार मांगने पहुंचे 28 वर्षीय एक युवक की हादसे में मौत हो गयी। मृतक की पहचान सूरज माली के रूप में हुई है। वह जेलगोड़ा 3 नंबर भूली क्वाटर का रहने वाला था। उधर, घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने परिसर में आकर वहां रखे नौ गाड़ियों को आग के हवाले कर दिया। सभी वाहन देखते ही देखते धू-धू कर चलने लगी। इसके वहां कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। उसकी सूचना पाकर विभिन्न थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गयी। तुरंत अग्निशमम विभाग को भी सूचित किया गया। बाद में फायर बिग्रेड की गाड़ी से पानी का छिड़काव कर आग पर काबू पाया जा सका। वहीं, देवप्रभा कंपनी के निदेशक कुभनाथ सिंह के भी वहां फंसे होने की सूचना मिल रही है। सिंदरी डीएसपी भूपेंद्र रावत ने बताया की मामले की जांच की जा रही है। इसके बाद ही कुछ स्पष्ट बताया जा सकेगा।






मृतक सूरज माली की फाइल फोटो। देवप्रभा कंपनी में आग लगाने के बाद धू-धू कर जलते वाहन।

### ये है मामला

सूरज माली नामक युवक का आउटसोर्सिंग कंपनी देवप्रभा में पिछले कई दिनों से रोजगार मांगने जा रहा था। शुक्रवार को भी वह रोगजार मांगने के लिए ही वहां गया था। पर काम नहीं मिलने के कारण कैंप से बाहर निकल रहा था। इसी बीच पैर फिसल जाने के कारण गिर गया और होल पैंक सैनी की चपेट में आ गया, जिसेस उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। इससे आक्रोशित लोगों ने कैम्प में रखी बाइक सहित कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। जबकि परिजन कैंप के मुख्य द्वार के पास शव रखकर धरने पर बैठ गया। मृतक जेलगोड़ा 3 नंबर भूली क्वाटर के रहनेवाले वीरेंद्र माली का पुत्र है। वह तीन भाई तीन बहन था। सूरज सबसे बड़ा बेटा था। जबकि पिता वीरेंद्र पेशे से असंगठित मजदूर है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### एनसीसी कैडेटों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** 36वें झारखंड बटालियन एनसीसी धनबाद के समाशी पदाधिकारी सेना मेडल से सम्मानित कर्नल संजय कंडवाल द्वारा निर्देशित पीके राय कॉलेज, गुरु नानक कॉलेज एवं पी अकैडमी धनबाद एनसीसी कैडेट्स की ओर से शुक्रवार को कारगिल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर धनबाद में शहीद हुए शशिकांत पांडे की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पीके रॉय कॉलेज के एनसीसी पदाधिकारी कैप्टन संजय कुमार सिंह, सहायक जगबंधु रवानी एवं 36 झारखंड बटालियन के पदाधिकारी सूबेदार ध्यान सिंह, सूबेदार श्याम सिंह, हवलदार नरेंद्र सिंह व उपर्युक्त स्कूलों-कॉलेज के साथ 60 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### केबीएम इंटर कॉलेज को मिली जैक से स्थापना की अनुमति

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** चास प्रखंड के घटियाली पंचायत स्थित मोहनडीह गांव में कुतुबुद्दीन मेमोरियल इंटर कॉलेज को झारखंड अधिविद्य परिषद से स्थापना अनुमति मिलने के साथ ही कॉलेज खुलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसकी जानकारी देते हुए कॉलेज के सचिव तैयब अंसारी ने बताया कि लगभग तीन वर्षों तक इस प्रक्रिया में लगे रहने के बाद स्थापना अनुमति मिली है। घटियाली, सुनता, चैनपुर, सिजुवा व राधागांव आदि क्षेत्रों में इंटर कॉलेज नहीं रहने के कारण लोगों को भारी असुविधा होती थी। खासकर बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाकर पढ़ने में परेशानी होती थी। अब कॉलेज खुलने से बेटियों को शिक्षा ग्रहण करने में सहूलियत होगी। जल्द ही इंटर के तीनों संकाय कला, विज्ञान व वाणिज्य के विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि साइंस में रसायन शास्त्र, रासायनिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित एवं भूगर्भशास्त्र और आर्ट्स में हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास, भूगोल, दर्शनशास्त्र, मानवशास्त्र, समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्र एवं अर्थशास्त्र व कॉमर्स के सभी विषयों में विद्यार्थियों का नामांकन शुरू होगा। साथ ही बीएड योग्यताधारी युवकों को प्रोफेसर के पद पर बहाली होगी। स्थापना अनुमति मिलने से क्षेत्र के शिक्षाप्रेमी व कॉलेज परिवार ने खुशी जाहिर की है।

### बोकारो जिला की तीन सीटों से माकपा लड़ेगी चुनाव : भागीरथ

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के जिला सचिव सह राज्य कमेटी सदस्य भागीरथ शर्मा ने कहा कि पार्टी बोकारो जिले के तीन सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसमें बोकारो, बेरमो और गोमियां विधानसभा सीट शामिल है। उन्होंने रांची के बुंडू में पार्टी के दो दिवसीय बैठक से लौटने के बाद सुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बताया कि चुनाव लड़ने का प्रस्ताव 14 जुलाई को लिया गया था। जिसे राज्य कमेटी की दो दिवसीय बैठक में उन्होंने रखा। बैठक में राज्य कमेटी के सदस्यों के अलावे केंद्रीय पर्यवेक्षक, पोलिट ब्यूरो सदस्य सह पूर्व सांसद वृंदा कारात एवं रामचंद्र डोम उपस्थित थे।

## धनबाद से दो साइबर ठग गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** साइबर अपराधियों के खिलाफ प्रतिबिंब पोर्टल कारगर हथियार साबित हो रहा है। इसकी मदद से किसी इलाके में सक्रिय साइबर अपराधियों की रियल टाइम जानकारी पुलिस को मिल रही है। इसकी मदद से संदिग्ध मोबाईल नम्बर के सत्यापन के क्रम में धनबाद पुलिस ने दो साइबर ठगों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी संजीव कुमार ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन कर इसकी जानकारी दी। बताया कि मोबाइल नंबर के सत्यापन के क्रम सायबर थाना और सरायढेला पुलिस ने सरायढेला के सुखधाम रेसीडेंसी के फ्लैट में छापामारी कर किशन कुमार और पवन कुमार को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 9 मोबाईल फोन, 14 एटीम कार्ड, 11 सिम कार्ड और पासबुक, चेकबुक, आधार कार्ड आदि बरामद किया गया है। 11 सिम कार्ड में दो-दो मोबाईल नम्बर पर पश्चिम बंगाल और कानपुर में साइबर ठगी का केस भी दर्ज है। डीएसपी साइबर ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित डरा धमकाकर ऑनलाइन पैसे भेजनें के लिए भी मजबूर करते हैं। इस गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी को लेकर छापामारी की जा रही है।



## आकाश एजुकेशनल ने लांच किया एंथे 2024




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के धनबाद सेंटर हेड फैयाज अहमद ने शुक्रवार को आकाश नेशनल टैलेंट हंट एग्जाम (एंथे) 2024 के लांच की घोषणा की है। एंथे के 15 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हुए कहा कि योग्य विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता करने, उनकी क्षमताओं के बीच अंतर को काटने में मदद करने की अपनी विरासत को जारी रखने, स्टूडेंट्स को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी में मदद करने के लिए एक बेहतर प्लेटफार्म प्रदान करना है। एईएसएल ने सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित एंथे 2024 के लांच के साथ एंथे के 15 गौरवशाली वर्षों का सभी ब्रांचो में जश्न मनाया है। कक्षा सातवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 100 फीसदी तक छात्रवृत्ति और नकद पुरस्कार की पेशकश भी की। एंथे, एईएसएल की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा 19 से 27 अक्टूबर तक ऑनलाइन और ऑफलाइन होगी। 100 फीसदी तक छात्रवृत्तियां उपलब्ध है। कक्षा 7 से 9 में शीर्ष 100 विद्यार्थियों और कक्षा 11-12 में शीर्ष 50 छात्रों के लिए नकद पुरस्कार, पांच छात्रों को कैनेडी स्पेस सेंटर, फ्लोरिडा, संयुक्त राज्य अमेरिका में पांच दिवसीय पूर्ण खर्च यात्रा का लाभ मिलेगा। पिछले साल 11.8 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने एंथे की परीक्षा दी थी। कई टॉपर्स (नीट यूजी और जेईई मेन और एडवांस्ड) ने एंथे के साथ अपनी यात्रा शुरू करते हुए एंथे.आकाश.एसी.इन पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। या अपने शहर में आकाश के निकटतम केंद्र पर जा सकते हैं।

## 8 अगस्त को आजसू मनायेगा शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** आजसू की ओर से 8 अगस्त को शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर सांसद आवासीय कार्यालय मकोली में बैठक की गई। जिसमें उपस्थित पार्टी के बोकारो जिला अध्यक्ष सचिन महतो ने वीर शहीदों का सम्मान करने की बात कही।


**कार्यालयः–वन प्रमण्डल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमण्डल**
E-mail :forest-gumla@jharkhandmail.gov.in
Mobile No. – 8987790115, Pin Code - 835207

पत्रांक ............................../ दिनांक ............................../

**आवश्यक सूचना**

सूचित किया जाता है कि दिनांक 06.06.2024 को गुप्त सूचना के आधार पर छारदा से भरनो आने वाले मार्ग पर ग्राम–मलगो के पास से 08 पीस तुंज बोटा सहित ट्रेक्टर एवं ट्रोली सं0–अज्ञात को वनकर्मियों के द्वारा जप्त कर सिसई नर्सरी परिसर में लाकर सुरक्षित रखा गया है। उक्त जप्त वन पदार्थ सहित वाहन के विरूद्ध प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में अधिहरण की कार्रवाई प्रारम्भ की गई है।

अतः समाचार पत्रों के माध्यम से जप्त वन पदार्थ के दावेदार (यदि कोई हो) एवं सम्बन्धित सभी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 03.08.2024 को प्राधिकृत पदाधिकारी–सह–वन प्रमंडल पदाधिकारी, गुमला वन प्रमंडल के न्यायालय में 11:00 बजे पूर्वाह्न स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा।

प्राधिकृत पदाधिकारी,–सह–
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
गुमला वन प्रमंडल

PR 330836 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

:–वन है,तो जीवन है–:



**झारखण्ड सरकार**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग**

**ई– निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा सं0 :– **RDD/SD/HZB/11/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RDD/SD/HZB/ 11/2024-25 | चौपारण | हजारीबाग जिलान्तर्गत प्रखण्ड–चौपारण, पंचायत–ताजपुर, ग्राम–पिपराकोनी में पिपराकोनी नदी पर पुल निर्माण। | 32068000.00 | 642000.00 | 10000.00 | 18 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.08.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.08.2024 से दिनांक 14.08.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, हजारीबाग
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.08.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430154806
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, हजारीबाग

PR 330790 Rural Development(24-25)#D



e-Procurement Cell
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. – 02, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**VERY SHORT TERM E- QUOTATION INVITATION NOTICE**
**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div.No.- 02 - 03/2024-25**

Sealed Quotations are invited for the work **Infrastructure Upgradation Work at JAPIT, Engineering Hostel No-01, HEC, Dhurwa, Ranchi.** for all Materials from Reputed Shop Keepers/ Manufacturers/Suppliers/Retailers/Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**
1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason there of.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन प्रकाशन की तिथि : 29.07.2024 के अपराह्न 3:00 बजे।
(2) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 05.08.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक।
(3) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 06.08.2024 अपराह्न 3:30 बजे।
(4) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–02, राँची।
(5) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 7992430721

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

Nodal Officer,
e-Procurement Cell,
Office of the Executive Engineer
Building Construction Department,
Building Division No.-02, Ranchi

PR 330862 Building (24-25)_D



**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**(मत्स्य प्रभाग)**
**कार्यालय : मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, रौंची**

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में राज्यादेश सं0 05 रा0 (वि0) दिनांक 13.06.2024 **''मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण''** योजनान्तर्गत 65 नये रंगीन मछली इकाईयों (महिला लाभुकों) को प्रति इकाई कुल मो0 20,000/– (बीस हजार) रू0 प्रति इकाई एवं 161 पूर्व संचालित रंगीन मछली इकाईयों (महिला लाभुकों) को कुल मो0 10,000/– (दस हजार) रू0 प्रति इकाई की दर निर्धारित है एवं राज्यादेश सं0 07 रा0 (वि0) दिनांक 19.06.2024 के आलोक में **''मत्स्य विपणन योजना''** अन्तर्गत प्रशिक्षणोपरांत योग्य आवेदकों को रंगीन मछली पालन हेतु पूरक सामग्री एवं रंगीन मछली दी जानी है। रंगीन मछली पालन कार्य के लिए फाईबर टैंक क्रय किया जाना है फाईबर टैंक का आकार गोलाकार होगा एवं उसका व्यास 2'6.5" गहराई 1'5" एवं पानी वहन करने की क्षमता कम से कम 190 लीटर होनी चाहिए। आपूर्त्ति किये जाने वाले फाईबर टैंक की साईड के दीवार की मोटाई (Wall Thickness) 2mm एवं तली की मोटाई (Bottom Thickness) 3mm होना चाहिये। ऊपर वर्णित गोलाकार फाइबर टैंकों की संख्या निविदा निष्पादनार्थ के पश्चात् निर्गत कार्यादेश में दी जायेगी। टैंकों की संख्या आवश्यकता अनुसार बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

**निविदा की शर्तें :–**

1. निविदादाताओं को दो अलग–2 मुहरबंद लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय बीड समर्पित करना आवश्यक है। अग्रधन की राशि तकनीकी बीड के साथ संलग्न किया जाएगा।
2. निविदादाताओं को बिक्री कर/GST अधिनियम के अन्तर्गत निबंधित होना आवश्यक है।
3. विगत दो वर्षों का आयकर रिर्टन/Current 03 माह का GST Return संलग्न करना आवश्यक है।
4. निविदादाता किसी भी केद्रींय/राज्य सरकार द्वारा Bankrupt एवं Black Listed नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र 10/– रू0 का Stamp Paper, Notary द्वारा सत्यापित कराते हुये जमा करना होगा।
5. किसी सरकारी उपक्रम/संस्थान में कार्य करने का अनुभव प्रमाण पत्र कम से कम एक वर्श का दस्तावेज संलग्न करें।
6. निविदा के साथ अग्रधन के रूप 10000.00 (दस हजार) रू0 मात्र का डिमांड ड्राफ्ट **सहायक मत्स्य निदेशक, अनुसंधान, राँची (Fisheries Research Centre, Ranchi)** के नाम से जमा करना होगा।
7. निविदादाताओं को उपर वर्णित गोलाकार फाइबर टैंक का नमूना (Sample) निश्चित रूप से प्रस्तुत करने होंगे। नमूना प्रस्तुत नहीं करने पर उसका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
8. गोलाकार फाइबर टैंक की आपुर्ति चयनित लाभुकों को आपूर्तिकर्त्ता को आदेश निर्गत होने की तिथि से 21 दिनों के अन्दर निश्चित रूप से पहुँचाकर करनी होगी। परिवहन हेतु कोई भी अतिरिक्त राशि अलग से देय नहीं होगा।
9. कुल राशि का 5 प्रतिशत सुरक्षित जमा के रूप में कटौती की जाएगी जिसका भुगतान आपूर्तिकर्त्ता को टैंकों की आपूर्ति विज्ञापन एवं कार्यादेश के अनुरूप सही पाए जाने एवं किसी प्रकार की शिकायत, लाभुकों से प्राप्त नहीं होने पर 03 महीने के उपरान्त की जायगी।
10. निविदा दिनांक **05.08.2024 को 12:00 बजे दोपहर** तक राँची के मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची के कार्यालय में प्राप्त की जाएगी। निविदा दिनांक **05.08.2024 को 01:00 बजे अपराहन्** में सहायक मत्स्य निदेशक, अनुसंधान राँची के कार्यालय कक्ष में निविदाओं के निष्पादनार्थ गठित समिति के समक्ष खोला जाएगा। निविदा खोलने के समय निविदादाता या उसके प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।
11. आमांत्रित निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत, अस्वीकृत या रदद् करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

**नोट : निविदा जमा का स्थान** : **मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, शालीमार, राँची।**
**निविदा खोलने का समय** : **दिनांक 05.08.2024 को 01:00 बजे अपराहन्**
**सम्पर्क नं0** : **9955304225/9835031630**

ह/0
सहायक मत्स्य निदेशक (अनु0)
मत्स्य अनुसंधान केन्द्र, राँची

PR 330809 Fish(24-25)#D


## मासस ने 15 सूत्री मांगों के समर्थन में दिया धरना, आंदोलन की चेतावनी

# झारखंड को सूखा क्षेत्र घोषित करके सरकार किसानों का ऋण माफ करे : जगदीश रवानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** मार्क्सवादी समन्वय समिति (मासस) के जिला कमेटी ने शुक्रवार को 15 सूत्री मांगों को लेकर रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना दिया। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान और संचालन गणेश महतो ने किया। धरना में मासस के केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो एवं मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी भी उपस्थित थे। अपने संबोधन में केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण किसान आज भुखमरी की कगार पर खड़ा है। सरकार की जुमलेबाजी के कारण पूरा कोयलांचल बेरोजगारी का दंश झेल रहा है। झारखंड औसत से कम बारिश होने के कारण सूखे की चपेट में हैं। सरकार अविलंब झारखंड को सूखा क्षेत्र घोषित करे एंव किसानों का ऋण माफ करे। बलियापुर प्रखंड क्षेत्र में हर घर नल योजना के तहत जलापूर्ति योजना में संवेदक की लापरवाही के कारण ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति पूर्ण रूप से बाधित है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कर संवेदक पर कड़ी करवाई करे एंव जलापूर्ति योजना को शीघ्र प्रारंभ करे। धनबाद सदर प्रखंड के ढोकरा पंचायत को बलियापुर प्रखंड में अविलंब शामिल करें। वहीं, मायुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश रवानी ने कहा कि झारखंड के अन्य विश्वविद्यालय की तरह बीबीएमकेयू में भी अंगीभूत महाविद्यालय में इंटर की पढ़ाई चालू हो। जिससे स्थानीय छात्रों को लाभ मिले। साथ ही धनबाद जिले में व्याप्त विद्युत की समस्या का निराकरण अविलंब करें। मासस के जिला अध्यक्ष बिंदा पासवान ने कहा कि पूरे जिले में बीसीसीएल व हर्ल समेत सभी औद्योगिक प्रतिष्ठानों में 75 फीसदी स्थानिय को काम की गारंटी दी जाए व कार्यरत मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करें। अन्यथा जोरदार आंदोलन होगा। उधर, धरना के बाद धनबाद डीसी को एक मांग पत्र भी सौपा गया। इस मौके पर मायुमो के जिला अध्यक्ष पवन महतो, जिप सदस्य श्वेता कुमारी, राजू महतो, सुभाष सिंह, राणा चटराज, फटिक चंद्र मंडल, काशीनाथ मंडल, मनीष यादव, राजा राम रजक, दिनेश महतो, लालमोहन महतो, संतोष रवानी, विजय राम, दुलाल चंद्र बाउरी, सुनील महतो, शीतल दत्ता, हीरालाल महतो, चंदन भूमिहार, लखन गोराय, राम प्रसाद रजवार, देवाशीष पांडेय, आशु पति महतो, मांगन महतो, आरिफ अंसारी, राजेश बिरुआ, विक्की खान, मदन महतो, अजय चौबे, औरधेंदु दत्ता, विक्की खान और हीरालाल महतो आदि उपस्थित थे।



आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 27 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


# सोआ और केंद्रीय कृषि विवि इंफाल के बीच हुआ एमओयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** शिक्षा और अनुसंधान सहित जलवायु संवेदनशील कृषि पर शिक्षा और अनुसंधान (सोआ) और केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय (सीएयू), इंफाल के बीच गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये। समझौते के अनुसार सोआ और सीएयू छात्रों, शोधकर्ताओं और संकाय सदस्यों को एक-दूसरे के साथ आदान-प्रदान कर सकते हैं और अनुसंधान केंद्र के सामूहिक लाभों को बढ़ा सकते हैं, जिसमें विभिन्न प्रक्रियाओं और जानकारी, वैज्ञानिक डेटा और जानकारी का आदान-प्रदान शामिल है। दोनों विश्वविद्यालय संयुक्त रूप से जलवायु-संवेदनशील कृषि पर शोध करेंगे और विभिन्न कार्यक्रम चलायेंगे।



एमओयू में कहा गया है कि सोआ और सीएयू संयुक्त रूप से आउटरीच कार्यक्रम चलायेंगे और किसानों के बीच जागरूकता पैदा करने के लिए काम करेंगे। समझौता ज्ञापन पर सोआ के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार नंद और सीएयू के कुलपति प्रोफेसर अनुपम मिश्र ने हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर सीएयू के निदेशक (कनस्ट्रक्सन) प्रो इंदिरा सारंगथेम, तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान (आइटीइआर) के निदेशक प्रो मानस कुमार मल्लिक, कृषि विज्ञान संस्थान (आइएएस) के डीन प्रोफेसर सतीश कुमार राउत, सलाहकार प्रो कुमार विजय साहू, प्रो एसके पंडा एवं सोआ के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी प्रमोद कुमार पंडा उपस्थित थे।

# शिक्षा, शोध और प्लेसमेंट बनी एसबीयू की पहचान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** वर्ष 2017 में अपनी स्थापना के महज कुछ वर्षों के भीतर ही सरला बिरला विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक उत्कृष्ट के नये मापदंड स्थापित कर झारखंड ही नहीं, बल्कि आसपास के राज्यों - बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, ओड़िशा और उत्तर प्रदेश के शैक्षणिक वातावरण को अनूठी सौगात दी है। विश्वविद्यालय का ध्येय विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता और समकालीन शिक्षा प्रदान कर उनका समग्र विकास करना है।



रांची के महिलौंग स्थित 50 एकड़ परिसर में फैला सरला बिरला विश्वविद्यालय झारखंड का प्रमुख निजी विश्वविद्यालय है। देश के प्रतिष्ठित व्यावसायिक समूहों में शुमार बिरला परिवार की समृद्ध विरासत को कायम रखते हुए विश्वविद्यालय में स्वर्गीय बसंत कुमार बिड़ला और सरला देवी बिरला के चरित्र निर्माण के बुनियादी मूल्यों को आत्मसात किया गया है। विवि के आदर्शों में अनुशासन, राष्ट्र निर्माण के प्रति दीर्घकालीन प्रतिबद्धता और चरित्र निर्माण जैसे मानवीय गुणों का दृढ़ता से पालन करना शामिल है।

## करियर और शोध पर ध्यान

योग्य, अनुभवी एवं प्रतिष्ठित संकाय के कुशल दिशा निर्देशन में विश्वविद्यालय निरंतर विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं करियर ओरिएंटेड शिक्षा देने के मार्ग पर अग्रसर है। संस्थान में अध्ययन के साथ अनुसंधान पर भी यथोचित बल दिया जाता है। यहां के कई शिक्षकों और छात्रों को शोध कार्य के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसा हासिल हो चुकी है। विश्वविद्यालय का प्रयास रहता है कि यहां के छात्र देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में शोध करें। इसीलिए कई नामी-गिरामी विश्वविद्यालयों से एमओयू भी किया गया है। विवि में इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फामेर्सी, मास कम्युनिकेशन, लॉ, नर्सिंग, योग, फाइन आर्ट्स सहित अन्य विषयों की पढ़ाई होती है। वर्तमान में यहां 5000 से ज्यादा छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। स्मार्ट क्लास, अत्याधुनिक लैब, ऑडिटोरियम, लाइब्रेरी, कैंटीन के साथ अन्य सुविधाएं विवि में छात्रों को बेहतर शिक्षा का माहौल प्रदान करता है।

## शानदार रहा है प्लेसमेंट रिकॉर्ड

विश्वविद्यालय का प्लेसमेंट रिकॉर्ड शानदार रहा है। प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से विद्यार्थियों को देश-विदेश की नामी-गिरामी कंपनियों में काम करने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ है। यहां से निकले छात्र आदित्य बिरला ग्रुप, टीसीएस, आईसीआईसीआई, वोडाफोन, डेल, एचसीएल, विप्रो, गोदरेज, बिरला सनलाइफ, एवरेस्ट इंडस्टरीज जैसी कंपनियों में जगह बनाने में सफल हुए हैं।

## देश-विदेश के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू

छात्रों को नवीनतम और शोधपरक जानकारी उपलब्ध करवाने और वृहत शैक्षिक परिवेश से परिचित करवाने के उद्देश्य से एसबीयू ने देश-विदेश के कई प्रतिष्ठानों से एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। एमओयू में नियमित तौर पर संकाय सदस्यों और छात्रों के विभिन्न विश्वविद्यालयों के साथ आदान-प्रदान पर सहमति बनी है। इसमें यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया बर्कले, यूनिवर्सिटी ऑफ मिनेसोटा, वर्मोंट यूनिवर्सिटी जैसे विदेशी विश्वविद्यालयों के अलावा आईआईटी खड़गपुर, वर्चुअल लैब आईआईटी दिल्ली, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड, एमआइटी पुणे, एनआइटी जमशेदपुर, सेंचुरियन यूनिवर्सिटी उड़ीसा जैसे कई संस्थान शामिल हैं। छात्रों का स्किल बढ़ाने के लिए माइक्रोसॉफ्ट, टीसीएस-आइओएन, टैली से भी समझौता किया गया है।

# तिसरी में भाजपा कार्यसमिति की बैठक



भाजपा की बैठक में भाजपा के वरिष्ठ नेता आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह और अन्य।

**तिसरी (आजाद सिपाही)।** तिसरी प्रखंड के मुख्यालय में भाजपा कार्यसमिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह, अशोक उपाध्याय मौजूद थे। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गयी। इस मौके पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने कहा हर वर्ग के लोगों में भाजपा के प्रति विश्वास बढ़ा है। भाजपा के शासन में पीएम मोदी के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। हमारा देश विश्व के पटल में आगे बढ़ रहा है। देश के विकास के साथ गरीब दलित, हरिजन, आदिवासी किसान मजदूर आदि वर्ग के लोगों के लिए विभिन्न योजनाए संचालित केंद्र सरकार चला रही है। भाजपा के कार्यों और योजनाओं को गांव के अंतिम व्यक्ति तक जानकारी देने की जरूरत है। इन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं को मोदी के कार्यों और केंद्र की योजना की जानकारी जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। बैठक में तिसरी मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा, चंदोरी मंडल अध्यक्ष रवींद्र पंडित, सांसद प्रतिनिधि मनोज यादव, हेंब्रम, अनिल शर्मा आदि मौजूद थे।

# डॉ अच्युत सामंत को जापान के कोयासन विश्वविद्यालय ने दी मानद डॉक्टरेट की डिग्री

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** जापान के प्रतिष्ठित एवं प्रख्यात कोयासन विश्वविद्यालय ने 24 जुलाई को अपने परिसर में अपने बहुप्रतीक्षित दौरे के दौरान किट-किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत को औपचारिक रूप से मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। डॉ सामंत 100 साल से अधिक पुराने कोयासन विश्वविद्यालय से यह प्रतिष्ठित डॉक्टरेट की मानद डॉक्टरेट प्राप्त करने वाले दूसरे भारतीय हैं। उनसे पहले महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को यह प्रतिष्ठित डॉक्टरेट की उपाधि मिली थी। यह डॉ सामंत की 58वीं मानद डॉक्टरेट की उपाधि है। कोयासन विश्वविद्यालय के अध्यक्ष सोएदा रयुशो ने ओसाका-कोबे में भारत के महावाणिज्यदूत श्री निखिलेश गिरि और विश्वविद्यालय के अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में यह उपाधि प्रदान की। अपने भाषण में सोएदा रयुशो ने कहा कि मानवता के प्रति उनके निस्वार्थ और अथक योगदान के सम्मान और आभार में कोयासन विश्वविद्यालय ने सर्वसम्मति से डॉ सामंत को यह मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान करने का निर्णय लिया है। अपने स्वीकृति भाषण में डॉ सामंत ने कहा कि यह एक ऐसा प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय है, जिसका इतिहास 100 साल से अधिक पुराना है। उन्होंने मेरी शिक्षा और सामाजिक सेवा कार्यों के सम्मान में मुझे यह पुरस्कार दिया गया है।



# जिंदल स्टील एंड पावर ने 25वां कारगिल विजय दिवस मनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल में जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने 25वें कारगिल विजय दिवस को कई कार्यक्रमों के साथ मनाया। इसमें कारगिल युद्ध के नायकों को श्रद्धांजलि दी गयी। शुरुआत कार्यकारी निदेशक दामोदर मित्तल के नेतृत्व में ध्वजारोहण समारोह के साथ हुई। एक विशेष प्रस्तुति में कारगिल युद्ध के प्रमुख पहलुओं और सशस्त्र बलों की वीरता पर प्रकाश डाला गया। मौके पर जेएसपी के चेयरमैन और कुरूक्षेत्र सांसद ने भी देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देनेवाले वीरों को श्रद्धांजलि दी। नवीन जिंदल ने अपने संदेश में कहा कि मैं उन अमर सैनिकों को सलाम करता हूं, जिन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व बलिदान कर दिया। कारगिल विजय दिवस राष्ट्रीय गौरव और सम्मान के रूप में हमारे लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा।

संयंत्र में कार्यक्रमों के अलावा, जेएसपी ने ओपी जिंदल स्कूल में एक ड्राइंग प्रतियोगिता के माध्यम से युवा पीढ़ी को शामिल किया। इस पहल ने स्कूली बच्चों को देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देते हुए कला के माध्यम से कारगिल नायकों के प्रति अपनी समझ और प्रशंसा व्यक्त करने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को साहस और बलिदान पर रचनात्मक चिंतन में शामिल करके सैनिकों के बलिदान का सम्मान करना था।

## रायगढ़ा रेलवे डिवीजन की स्थापना के लिए 70 करोड़ रुपये : रेल मंत्री

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रायगढ़ा रेलवे मंडल की स्थापना के लिए 70 करोड़ के आवंटन के साथ रायगढ़ा रेलवे मंडल की स्थापना एक महत्वपूर्ण कदम है। यह बात रेल मंत्री ने शुक्रवार को सांसद बलभद्र माझी से मुलाकात के बाद मीडिया से कही। श्री वैष्णव ने कहा कि इस परियोजना की डिजाइन और योजना पर काम चल रहा है। नबरंगपुर के सांसद बलभद्र माझी ने रेल मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं जन-केंद्रित रायगड़ा रेलवे डिवीजन के मुद्दे को संबोधित करने के लिए रेल मंत्री को धन्यवाद देता हूं। हमने उनके साथ चर्चा की और मुझे खुशी है कि रायगड़ा रेलवे जोन के गठन की लगभग सभी व्यवस्थाएं पूरी होने वाली हैं। उन्होंने कहा कि रायगढ़ा रेल जोन की स्थापना इस क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है, जो कनेक्टिविटी और आर्थिक विकास को बढ़ाने में मदद करेगी।

## संबलपुर मंडल में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन



**संबलपुर (आजाद सिपाही)।** पूर्व तट रेलवे, संबलपुर मंडल के संरक्षा विभाग द्वारा 26 जुलाई को अधिकारी क्लब, रेल नगर, संबलपुर में दुर्घटना के कारण और बचाव विषय पर एक संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इंटरैक्टिव सत्र के दौरान विभिन्न रेल दुर्घटनाओं के केस स्टडी पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे ने इस संगोष्ठी की अध्यक्षता की और निर्देश दिया कि वे कोई भी शॉर्टकट तरीका न अपनाएं, जिससे संरक्षा नियमों से समझौता हो। इस अवसर पर पूर्व तट रेलवे, भुवनेश्वर के मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक जेपी मिश्रा ने संगोष्ठी में भाग लिया।कहा कि सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए सभी को अपने दैनिक कार्यों में संरक्षा, संरक्षा और समय की पाबंदी सुनिश्चित करनी चाहिए। संबलपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक आनंद सिंह ने भी अपने विचार साझा किये। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी संबीत सौरव नायक, वरिष्ठ मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर, प्रभात कुमार, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, तत्वदर्शी साहू, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, विनायक बेहरा, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर, धीरेंद्र सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, गरिमा तिवारी और कोचिंग डिपो अधिकारी, आदित्य सेठी द्वारा दुर्घटना के कारण और बचाव पर पावरपॉइंट प्रस्तुतियां दी गयीं। संबलपुर के मंडल रेल प्रबंधक तुषार कांत पांडे ने अधिकारियों और कर्मचारियों को संरक्षा शपथ दिलायी। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी संबीत सौरव नायक ने इस संगोष्ठी का समन्वय किया।

## बाढ़ को लेकर रहें सतर्क

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** विशेष राहत आयुक्त सत्यब्रत साहू ने लघुचाप को लेकर 13 जिले को पत्र लिखा है। उत्तरी ओड़िशा में लघुचाप की बारिश से बाढ़ आ सकती है। एसआरसी ने उत्तरी ओडिशा के 13 जिलों को सतर्क रहने का आदेश दिया है। उन्होंने तैयार रहने और अवगत कराने का आदेश दिया।

# जिंदल स्टेनलेस को मिले सीआइआइ की राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता सर्किल प्रतियोगिता में छह पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जाजपुर।** भारत की सबसे बड़ी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस को हाल ही में चंडीगढ़ में आयोजित भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) की आठवीं राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता सर्किल प्रतियोगिता में छह पुरस्कार मिले। कंपनी को हरियाणा के हिसार और ओड़िशा के जाजपुर स्थित अपनी दोनों मैन्युफैक्चरिंग यूनिट में सतत विकास और ऊर्जा संसाधनों के कुशल उपयोग के लिए सम्मानित किया गया।



जिंदल स्टेनलेस की हिसार यूनिट ने सर्वश्रेष्ठ केस स्टडी ऑन लो कार्बन एंड कार्बन न्यूट्रल इनिशिएटिव्स, सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता केस स्टडी, ऊर्जा दक्षता में नवाचार और आइएसओ 50001: ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली का प्रभावी कार्यान्वयन श्रेणियों में जीत हासिल की। जाजपुर यूनिट ने सर्वश्रेष्ठ ऊर्जा दक्षता संगठन और आइएसओ 50001 (एनएमएस सिस्टम) का सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन पुरस्कार जीते। सीआइआइ प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न क्षेत्रों, जिसमें धातु और सीमेंट उद्योग शामिल हैं, के शीर्ष संगठनों ने भाग लिया। इस उपलब्धि पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि हमें सीआइआइ द्वारा ऊर्जा दक्षता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की मान्यता मिलने पर गर्व है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, हम अपने कार्बन पदचिह्न को काफी कम कर रहे हैं और हवा, सौर और जल ऊर्जा का उपयोग करके थर्मल ऊर्जा-गहन संसाधनों पर अपनी निर्भरता को कम कर रहे हैं। रूफटॉप सौर संयंत्रों से लैस हमारे मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भी हमारे कार्बन उत्सर्जन को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके अलावा, यह हमारी सतत प्रगति में दृढ़ विश्वास है, जो हमें हरित विनिर्माण में निवेश करने और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है।

THIRD EYE CLINIC
ADVANCE PHACO LASER EYE CARE CENTRE
Contact For More Details
DR. VISHAL CHOUDHARI
OPHTHALMOLOGIST
Mob - 7003381944, 9431594628
NH- 33 Near Madarsa, Irba, Ranchi - 835219
Branch 2 : Sri Sai General Store, Dipatoli, Ranchi -9

DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments
Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

JAISWAL CCTV
आपके शहर राँची में
अपने घर ऑफिस दुकान में लगाऐं
CCTV कैमरा
कचहरी चौक, राँची
4 कैमरे का सेट अब सिर्फ 14999/-
2 कैमरे का सेट अब सिर्फ 9999/-
अभी कॉल करे 9162992862
स्टेट बैंक के सामने कचहरी चौक, राँची - 834001

रत्न विक्रेता
जय माता दी
रत्न विक्रेता
ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र
ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र
पंडित शशि कांत मिश्रा
पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची
फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**